आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ


● वर्ष- 16 अंक 253 ● कटनी ● सोमवार, 17 अक्टूबर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-8 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## चंबल में नाव पलटी, 5 महिलाओं की मौत

मंदसौर जिला मुख्यालय से करीब 100 किलोमीटर दूर चंबल नदी में महिला यात्रियों से भरी नाव पलट गई। हादसे में 5 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि एक महिला, एक लड़की और एक पुरुष ने किसी तरह तैरकर नदी से निकलकर अपनी जान बचाई। हादसा रविवार शाम गांधीसागर बांध के बैक वॉटर में हुआ। मामला शामग? थाना क्षेत्र के तोलाखे?ी गांव का है। चार शव रविवार को ही मिल गए थे, पांचवां शव सोमवार सुबह मिला।

## सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में आया नया मेहमान

मप्र की राजधानी भोपाल के मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में पकड़े बाघ को रविवार रात में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (स्ञ्ज्र) के चूरना रेंज के बाड़े छोड़ दिया गया। शनिवार रात को बाघ पिंजरे में फंसा था। जिसे रविवार को भोपाल से नर्मदापुरम लाया गया। रात में इस बाघ को छोड़ दिया गया। पिंजरे से बाहर निकलते ही टाइगर दौड़ते हुए निकल गया। जंगल में अन्य बाघों के बीच टकराव की स्थिति न बने, इसके लिए कुछ दिन उसे बाड़े में रखा जाएगा। वन्यप्राणी विशेषज्ञ की टीम टाइगर के स्वास्थ्य पर नजर रखेगी। उसकी सेहत का ध्यान रखा जाएगा।




## कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए मतदान

### 22 साल बाद वोटिंग शुरू

# 19 को तय होगा नया अध्यक्ष

**नई दिल्ली एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव के लिए वोटिंग शुरू हो चुकी है। दो डेलिगेट्स के प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बनाए गए बूथ पर वोट डालने के साथ मतदान प्रक्रिया सोमवार सुबह 10 बजे शुरू हो गई। वोटिंग का टाइम सुबह 10 बजे दोपहर बाद 4 बजे तक रखा है। बैलेट पेपर से वोटिंग हो रही है। अब तक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, विधायक दिव्या मदेरणा, सचेतक महेंद्र चौधरी भी अपना-अपना वोट डाल चुके हैं।**



वहीं, सचिन पायलट दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में वोट देंगे। वोटिंग नियम में भी रातों-रात बदलाव किया गया है। गहलोत बोले- मेरे और गांधी परिवार के रिश्ते तर्क से परे विधायक दल की बैठक के बहिष्कार के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के गांधी परिवार से रिश्तों को लेकर चल रही चर्चाओं पर पहली बार सीएम ने बयान दिया है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में अध्यक्ष चुनाव में वोट देने पहुंचे गहलोत ने कहा- मेरे गांधी परिवार के रिश्ते तर्क से परे हैं। गांधी परिवार से वो रिश्ता पहले भी था है और रहेगा।राजस्थान सीएम बदलाव पर आगे क्या होगा? इस सवाल पर गहलोत ने कहा कि आप लोग मेरी चिंता करते हो, आगे क्या होगा? गांधी परिवार से मेरे रिश्ते 19 अक्टूबर के बाद भी वैसे ही रहेंगे जो 50 साल से रहे हैं। इसके आगे का जवाब ख?गेजी चुनाव जीतने के बाद ही आपको देंगे।उधर, मल्लिकार्जुन ख?गे के पक्ष में एकतरफा वोटिंग होने के पूरे आसार हैं।

**सभी प्रदेश में जारी है मतदान**



### कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव मप्र में मतदान शुरू

**प्रदेश अध्यक्ष कमल नाथ ने किया मतदान**

भोपाल। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए सोमवार को हो रहे चुनाव में प्रदेश के 502 पार्टी प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में निर्वाचन पदाधिकारियों की देखरेख में सुबह दस बजे से मतदान प्रारंभ हो गया है।पूर्व मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ, छिंदवाड़ा सांसद नकुल नाथ, वरिष्ठ नेता सुरेश पचोरी ने मतदान किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने कहा कि जो भी नया अध्यक्ष बनेगा वो कांग्रेस को नई ऊर्जा देगा। मतदान को लेकर प्रतिनिधियों में उत्साह है।



### सिसोदिया का CBI पथ

## तिलक-माला और शहादत के गाने, रैली में बोले- मैं कुर्बानी के लिए तैयार

**दिल्ली, एजेंसी।** शराब घोटाले में CBI आज दिल्ली के डिप्टी CM मनीष सिसोदिया से पूछताछ करेगी। वे CBI दफ्तर पहुंच चुके हैं। सिसोदिया ष्टक्चद्ब दफ्तर से पहले राजघाट पहुंचे और बापू को नमन किया।

सिसोदिया पूछताछ के लिए घर से निकले तो पत्नी ने तिलक लगाया, मां ने पटका पहनाकर आशीर्वाद दिया। खुली कार में लाव लश्कर के साथ निकले, इस दौरान शहादत के गीत बज रह थे। आम रास्ते पर रैली जैसा नजारा बन गया। बोले- मेरी गिरफ्तारी की तैयारी है और मैं कुर्बानी के लिए तैयार हूं।

**भाजपा बोली- ये जश्न-ए-भ्रष्टाचार**

उनकी रैली पर भाजपा ने कटाक्ष करते हुए कहा कि्क नौटंकी में जुटी है। ये जश्न-ए-भ्रष्टाचार है।

भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, सिसोदिया अपने समर्थकों के साथ सड़कों पर खुली कार में नारे लगा रहे हैं, ऐसा लग रहा है कि्क ने भ्रष्टाचार का वर्ल्ड कप जीत लिया है।

हंगामे की आशंका देखते हुए ष्टक्चद्ब दफ्तर के बाहर पुलिस बल तैनात है। सिसोदिया के घर और ष्टक्चद्ब दफ्तर के आसपास धारा 144 भी लागू है।



## DCW अध्यक्ष स्वाति मालीवाल के घर हमला

### बदमाशों ने गाड़ियों में तोड़फोड़ की

**नई दिल्ली एजेंसी।** दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाती मालिवाल के घर हमला हुआ है। उन्होंने खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने लिखा- अभी कुछ देर पहले मेरे घर पर कोई हमलावर घुस आया और उसने हमला किया। मेरी और मेरी मां की गाड़ी बुरी तरह से तोड़ दी और घर में घुसने की कोशिश की। शुक्र है मैं और मेरी मां दोनों घर पर नहीं थे, वरना पता नहीं क्या होता! कुछ भी कर लो, मैं डरूंगी नहीं। मैंने दिल्ली पुलिस को शिकायत कर दी है। कुछ दिन पहले स्वाती को सोशल मीडिया पर रेप की धमकी भी मिली थी।

## 8 करोड़ किसानों के खातों में पीएम किसान योजना के 16,000 करोड़ रुपए ट्रांसफर

**नई दिल्ली, एजेंसी। देश के किसानों को आज पीएम मोदी ने दिवाली गिफ्ट दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पीएम किसान सम्मान सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस मौके पर किसानों से जुड़ी अहम योजनाओं की शुरुआत की गई।**



पीएम मोदी 600 पीएम किसान समृद्धि केंद्रों का उद्घाटन किया। 13 लाख किसान इन कार्यक्रम से जुड़ेंगे। साथ ही पीएम किसान योजना की 12वीं किस्त के रूप में 8 करोड़ किसानों के खातों में 16,000 करोड़ रुपये की राशि भी ट्रांसफर की। इसके अलावा भारतीय जन उर्वरक परियोजना- एक राष्ट्र एक उर्वरक, कृषि स्टार्टअप कॉन्क्लेव और प्रदर्शनी का शुभारंभ भी किया। केंद्र सरकार की इन योजनाओं से देशभर के किसानों को फायदा होगा। यह कार्यक्रम नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में होगा। विभिन्न राज्यों से किसान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ेंगे। दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य देश भर के 13,500 से अधिक किसानों और लगभग 1,500 कृषि स्टार्टअप को एक साथ लाना है।

## कर्ज में दबे युवक ने खुद को मारी गोली

**मुरैना, एजेंसी।** कैलारस में एक युवक ने अवैध पिस्टल से आत्महत्या कर ली। युवक शराब का आदी था। पिछले 15 दिनों से लगातार शराब पीकर घर आ रहा था। पुलिस की माने तो उस पर कर्ज का दवाब था जिसके कारण उसने मौत को चुना। बता दें, कि कृष्णपाल पुत्र बाबूलाल शाक्य, उम्र लगभग 35 वर्ष शराब का आदी था। वह किसान था तथा जरूरत पड़ने पर दूसरों के खेतों में मजदूरी भी करता था। शराब की इसी लत के कारण वह कई लोगों का कर्जदार हो गया था। उसने कई लोगों से कर्जा ले रखा था। जब वह कर्जा नहीं चुका सका तो कर्जदारों ने तकादा करना शुरू कर दिया। कर्जदारों का तकादा इतना बढ़गया था कि वह दुखी रहने लगा और इसी दुख के चलते वह और अधिक शराब पीने लगा। कृष्णपाल शाक्य के परिजनों ने बताया कि वह पिछले 15 दिनों से लगातार शराब पी रहा था।



## धर्मशाला विवाद को लेकर मारपीट में युवक की मौत

**इंदौर, एजेंसी।** इंदौर के गांधी नगर थाना क्षेत्र के जम्मूडी गांव में धर्मशाला विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक युवक की मौत हो गई। युवक की मौत से गुस्साए ग्रामीण लाश लेकर थाने पर धरना दे रहे हैं। ग्रामीणों की मांग है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ऐसा नहीं होने पर लाश लेकर कलेक्टर ऑफिस जाएंगे और वहां प्रदर्शन करेंगे।

**इंदौर के जूम्मडी गांव का मामला**

इंदौर नगर निगम द्वारा कनाडिया से खजराना मंदिर की ओर ई-2 लिंक सड़क निर्माण हेतु आरक्षित जमीन पर अवैध निर्माण करने पर आयुक्त प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार जोन क्रमांक 10 के अंतर्गत आरक्षित जमीन पर अवैध निर्माण करने तथा रोड पर निर्माण कर यातायात बाधित करने के साथ ही लगभग 20000 स्क्वेयर फीट से अधिक बिना अनुमति / अवैध निर्माण करने पर क्राउन कम्युनिटी हॉल पर रिमूव्हल की कार्रवाई की गई।



## 10 किमी दूर खाट पर मरीज को ले जाने के लिए आदिवासी विवश

**सतना,यश भारत ।** मध्य प्रदेश सरकार भले ही विकास के दावे करती रही, लेकिन प्रदेश के आज भी कई जिले ऐसे हैं, जहां पर लोगों को बुनियादी सुविधाओं से जूझना पड़ रहा है। लाचार और मजबूर ग्रामीण जिला स्तर से लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को अपनी समस्या से अवगत कराया, लेकिन कार्रवाई के नाम पर उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिलता चला रहा है।मामला सतना जिले के उचेहरा क्षेत्र के ग्राम धौस? का है, जहां आजादी के 70 दशक बीत जाने के बाद भी आज गांव के बीमार लोगों को खाट पर रख इलाज के लिए अस्पताल जाना प?ता है, एक हजार की आबादी वाले आदिवासी बाहुल्य धौंसड गांव की जहां पर आज भी अगर कोई बीमार हो जाता है तो खाट पर मरीज को हिचकोले खाते कीच? भरे पगडंडी रास्ते से होकर पिपरिया गांव में इलाज के लिए ले जाते हैं। वहां भी इलाज की सरकारी सुविधा नहीं होने से प्राइवेट चिकित्सक से इलाज कराते हैं। ऐसे में मरीज की हालत ज्यादा नाजुक होने पर बाहर इलाज के लिये ले जाने से पहले ही मरीज दम तो? देता है। धौंस गांव के इस कच्चे रास्ते को अगर प्रशासन ठीक से चलने लायक ही बना दे तो जो अभी तीन पंचायत को पार कर 10 किलोमीटर की दूरी तय कर पिपरिया गांव इलाज कराने यहां के लोगों को जाना प?ता है। वह समस्या हल हो सकती है। बताया जा रहा है, लंबे समय से धौंसड गांव की जनता अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से इस ओर ध्यान देने की बात करती आ रही है।

**इलाज के अभाव में मरीज तोड़ रहे दम**

## छिंदवाड़ा में प्रायवेट बस से 250 क्विंटल डोडा बर्फी जब्त

**छिंदवाड़ा, यश भारत।** में खाद्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रायवेट बस से 250 क्विंटल डोडा बर्फी जब्त की है। जानकारी के अनुसार इंदौर-सिवनी स्काई बस और अटल-इंदौर सिटी स्काई बस पर यह कार्रवाई की गई है। यहां से करीब 250 क्विंटल डोडा बर्फी बरामद किया गया है। खाद्य विभाग ने सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा हैं।




## गुना में डाक अधीक्षक को 20 हजार की रिश्वत लेते लोकायुक्त ने पकड़ा



**गुना एजेंसी।** गुना के हेड पोस्ट ऑफिस में पदस्थ डाक अधीक्षक बीएस मालवीय को रिश्वत लेते लोकायुक्त ने ट्रैप किया है। उन्हें 20 हजार की रिश्वत लेते टीम ने पक?ा। उन्होंने एक डाक कर्मचारी से अटैचमेंट करने के नाम पर 60 हजार रुपए की डिमांड की थी। इसकी पहली किश्त सोमवार को दी जा रही थी। इसी दौरान लोकायुक्त ने उन्हें ट्रैप किया है। 8 अक्टूबर को डाक कर्मचारी ने रिश्वत की शिकायत लोकायुक्त से की थी, जिसके बाद आज यह कार्रवाई की गई।

## BSF ने फायरिंग में मार गिराया, पाकिस्तान का ड्रोन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एक बार फिर पाकिस्तान में बैठे आकाओं की साजिश को नाकाम कर दिया है. BSF ने रविवार रात को पाकिस्तान से आए एक च्क्वाड-कॉप्टरज् ड्रोन को मार गिराया. अधिकारियों ने बताया कि ये ड्रोन भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास अमृतसर क्षेत्र में उ?ता हुआ देखा गया था. शक है कि इसके जरिए नशीले पदार्थ ले जाए जा रहे थे. इस सीमा पर पिछले तीन दिन में इस तरह की यह दूसरी घटना है। अधिकारियों ने बताया कि 12 किलो वजन वाले ड्रोन में चार च्प्रोपेलरज् थे. बीएसएफ की 22वीं बटालियन के जवानों ने अमृतसर सेक्टर में रानिया सीमा चौकी के पास रात करीब सवा 9 बजे ड्रोन को गोली चलाकर मार गिराया. बीएसएफ के प्रवक्ता ने कहा कि ड्रोन के अंदर से हरे रंग का पैकेट बरामद हुआ है. इसमें दो किलो सामान था. पैकेट में नशीले पदार्थ होने का संदेह है. मालूम हो कि ऐसा पहले बार नहीं है, जब भारतीय सीमा के भीतर ड्रोन देखा गया हो. इससे पहले, पंजाब के गुरदासपुर सेक्टर में 13-14 अक्टूबर की दरम्यानी रात ऐसी ही एक घटना में बीएसएफ ने एक बड़े (क्वाड कॉप्टर) पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया था.4 अक्टूबर को भी पंजाब के गुरदासपुर सेक्टर में ही अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास ड्रोन देखा गया था. जिसपर सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की थी.



पंजाब-पाकिस्तान सीमा पर आया था नजर

### मार गिराए गए कई घुसपैठिए


सीमा सुरक्षा बल के अतिरिक्त महानिदेशक (पश्चिमी कमान) पी. वी. रामा शास्त्री ने कहा कि बल पूरी तरह अलर्ट है और सीमा पर उत्पन्न हर तरह की चुनौतियों से निपटने में सक्षम है व इस साल घुसपैठ के सभी प्रयासों को विफल किया है. सर्दियों में घुसपैठ के खतरे से जुड़े एक सवाल पर अधिकारी ने कहा कि भारत में आतंकवादियों की घुसपैठ नामुमकिन बनाने के लिए हर संभव उपाय किए गए हैं. शास्त्री ने कहा, सतर्क जवानों ने कई घुसपैठियों को मार गिराया. जबकि कई अन्य भाग ख? हुए.ज् उन्होंने कहा कि बीएसएफ घुसपैठ के खतरे से निपटने और घुसपैठ ना हो, यह सुनिश्चित करने में पूरी तरह सक्षम है।

## फाइबर पर शिफ्ट हो रहे फोन कनेक्शन

# अब स्पीड का जमाना, कटनी में जल्द 5जी

### फाइबर कनेक्शन वालों को मिल रहा 5 जी नेटवर्क, जल्द होगा आन एयर

### कटनी में जिओ और एयरटेल के 5 जी की होगी शुरूआत



**कटनी, यशभारत।** आपको याद है वो जमाना तब 2 जी की स्पीड में मोबाइल पर थोड़े से वीडियों देखकर आप खुश हो जाते थी। फिर 3 जी आया तो वीडियो कालिंग मानों एक सपने के सच होने जैसा था। आज 4 जी शरू है जिसमें लोगों के लिए सिर्फ वीडियो कालिंग ही नहीं वो सारे काम हो रहे हैं जिसे लोग कल तक विदेशों में होता देखते थे। पर अब इससे भी एक कदम आगे 5 जी की सुविधा को लेकर लोगों में उत्सुकता साफ देखी जा रही है। कटनी में दिसंबर के अंत तक दो कंपनी जिओ तथा एयरटेल अपना 5 जी लांच कर सकती है। स्थानीय अधिकारियों की मानें तो कटनी में टेस्टिंग का दौर जारी है। जिओ ने कुछ समय पहले ही टेस्टिंग की थी। कटनी में लगे टावरों में 5 जी माडम इंस्टाल किया जा रहा है। दरअसल सरकार ने कंपनियों से साफ कहा है कि 5 जी की सर्विस सिर्फ शहरों तक सीमित न रहे इसे गांव में भी पूरा उपयोग कर सकें इसी के कारण कंपनियां ग्रामीण क्षेत्रों में 5 जी शुरू करने के लिए जी जान से जुटी हैं। गांवों में टावरों से 5 जी के सिग्नल हर व्यक्ति तक पहुंचे इसका ख्याल रखा जा रहा है।

गूगल फाइबर ने घोषणा की कि वह 2023 की शुरुआत में 5 और 8 जी सर्विस शुरू करेगा. Google फाइबर 5 और 8 Gig पर symmetrical अपलोड और डाउनलोड गति प्रदान करेगा. यह वाई-फाई 6 राउटर के साथ आएगा. हालांकि लोग अपना खुद का राउटर भी उपयोग कर सकते हैं। 5 गिग अपलोडिंग और डाउनलोडिंग करना आसान बना देगा। यूजर्स इसके जरिए आसानी से किसी भी साइज की फाइल एक साथ अपलोड और डाउनलोड कर सकेंगे। वहीं, 8 गिग यह सुनिश्चित करेगा कि आप जो भी काम ऑनलाइन कर रहे हैं वह लगभग रियल टाइम में हो। फिलहाल 1 Gig (जिसे 2010 में लॉन्च किया गया था)

#### बड़ी फाइल्स को कर सकेंगे ट्रांसफर

गूगल फाइबर का कहना है कि 5 गिग और 8 गिग हेवियर इंटरनेट यूजर्स के लिए हैं. इसमें क्रिएटिव प्रोफेशनल्स, क्लाउड और अधिक डेटा के साथ काम करने वाले लोग शामिल हैं. जो लोग बड़ी फाइलें बनाते हैं और उनका उपयोग करते हैं, उन्हें अपनी फाइलों को ट्रांसफर करने की आवश्यकता होती है।

#### लेंडलाइन की जगह ले ली फाइबर ने

बात कटनी शहर की करें तो कटनी के शहरी ही नहीं उपनगरीय क्षेत्रों में भी फाइबर पहली पसंद बन रहा है। शहर में जिओ एयरटेल के साथ बीएसएनएल अपना फाइबर लांच कर चुका है। इनमें से जिओ और एयरटेल तो 1 जीबीपीएस मतलब 1000 एमबीपीएस की स्पीड तक दे रहा है। यह किसी भी लाइव टेलीकास्ट को एचडी और 4 के क्वालटी में भी लोगों को पहुंचा सकता है। मीटिंग के लिए फाइबर से लोग कोरोना के वक्त काफी सहजता से अपने काम करते रहे। जनरल फोन कनेक्शन की जगह अब धीरे धीरे फाइबर लेता जा रहा है। पहले नंबर पर जिओ फाइबर है जिसके 30 एमबीपीएस के अनलिमिटेड प्लान उपलब्ध हैं ऐसे ही प्लान एयरटेल और बीएसएनएल के भी मिल रहे हैं। संसाधनों में देखा जाए तो बीएसएनएल का फाइबर का जाल हर गली मुहल्ले तक है जबकि जिओ और एयर टेल अभी तक सिर्फ शहर में ही फाइबर उपलब्ध करा रहे हैं। जिओ के स्थानीय अधिकारियों की मानें तो लेडलाइन का उपयोग करने वाले करीब 75 फीसदी लोग फाइबर में कन्वर्ट हो चुके हैं। जियो के ब्रॉडबैंड सर्विस इन दिनों सभी टेलीकॉम कंपनियों को मात दे रहा है। शहर सबसे ज्यादा ब्रॉडबैंड कनेक्शन जोड़ने में कामयाबी हासिल किया है। आंकड़ों की बात करें तो 80 फीसदी ग्राहक जिओ फाइबर का कनेक्शन लेना पसंद कर रहे हैं। ट्राई के सर्वे के मुताबिक हर 10 में से 8 कस्टमर जिओ फाइबर ब्रॉडबैंड का इस्तेमाल कर रहे हैं। जिओ अपने फाइबर के साथ सेटअप बाक्स भी आफर कर रहा है एयरटेल भी इसी राह पर चलने लगा है। जानकारी के अनुसार हर महीने 5 हजार से ज्यादा नए ग्राहक जुड़ रहे हैं। और ये आंकड़ा दिन प्रति दिन बढ़ता ही जा रहा है।

## आंत्रशोथ का प्रकोप, एक की मौत, 6 से अधिक चपेट में

**कटनी, यशभारत।।** कन्हवारा स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत ग्राम बिस्तरा में शनिवार को ग्रामीण आत्रंशोथ की चपेट में आ गए। उल्टी-दस्त से एक के बाद एक बीमार होते गए और लगभग एक दर्जन लोग इसकी चपेट में आ गए। आंत्रशोथ से एक ग्रामीण की मौत हो गई है, जबकि चार ग्रामीणों की हालत गंभीर बनी हुई है। हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मृत्यु का कारण हार्ट अटैक से होना पाया गया है। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह स्वास्थ्य विभाग में उस समय हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई जब ग्राम पंचायत सचिव ने स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी कि गांव में उल्टी-दस्त का प्रकोप फैल गया है। राजकुमार विश्वकर्मा (54) निवासी बिस्तरा की उल्टी दस्त होने, पेट और पीठ दर्द की परेशानी के बाद सुबह 7-8 बजे के बीच अचानक मौत हो गई। सूचना मिलते ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कन्हवारा के विकास खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राज सिंह ठाकुर के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची और जांच शुरू की गई। प्रथम दृष्टया मृत्यु का कारण हार्ट अटैक से होना बताया जा रहा है। आंत्रशोथ की चपेट में आठ ग्रामीण आए हैं। इसमें शशि सेन (42), रामकली सेन (70), शीला पटेल (64), रेखा पटेल (46), अनुराग पटेल (09), कालूराम पटेल (60), रंजीत विश्वकर्मा (52), ज्योति पटेल (10) आंत्रशोथ की पटेल में हैं। गांव में अलग-अलग क्षेत्रों में उल्टी-दस्त के 8 मरीज मिले हैं।

# मामूली ठंड की शुरूआत में ही बढ़े मरीज

**कटनी, यशभारत।** मौसम में हो रहे बदलाव का अब सेहत पर भी इसका असर पड़ रहा है। बड़ी तादात में लोग वायरल फीवर की चपेट में आ रहे हैं। इसके मरीजों की संख्या पिछले दो हफ्ते से लगातार बढ़ रही है। जिला अस्पताल और शहर के सभी निजी हास्पिटल, क्लीनिक में बुखार, सर्दी-खांसी, गले में दर्द के मरीजों की कतार लग रही है। डाक्टर कहते हैं कि मौसम में उतार-चढ़ाव के साथ ही वायरल फीवर का प्रकोप बढ़ जाता है। इस समय मौसम अचानक सर्द-गर्म हो रहा है। लिहाजा शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो रही है। ऐसे में वायरस जल्दी अटैक कर रहा है। शहर में पिछले 15 दिनों से बार-बार मौसम बदल रहा है। कभी वर्षा तो कभी धूप तो कभी उमस के साथ ही अचानक ठंड भी परेशान कर




रही है। कुछ ही घंटे में तापमान में पांच से सात डिग्री तक का बदलाव हो जा रहा। ऐसे में भीगने, ठंडी हवा की चपेट में आने के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। इस बार वायरल के असर में बदलाव देखा जा रहा है। अब तक यह संक्रमण सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार होने के बाद तीन-चार दिन में ठीक हो जाता था। अब ठीक होने में समय लग रहा है। सरकारी के साथ ही निजी अस्पतालों में भी वायरल फीवर के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। 70 प्रतिशत मरीजों में वायरल फीवर है। सिम्स के डाक्टरों के मुताबिक वायरल के मरीजों की संख्या में पिछले दो-तीन हफ्तों में बहुत इजाफा हुआ है। पहले जहां दिनभर में 20-25 मरीज ही वायरल के आते थे। अभी उनकी संख्या 100 से अधिक हो गई है।

# जन समर्थ पोर्टल सरकारी योजनाओं के लिए बेहतर

**कटनी,यशभारत।** सरकारी स्कीम के तहत लोन वालों के लिए बहुत मददगार है। इनमें सारा काम ऑनलाइन होता है। यही नहीं अप्लाई करने के अधिक से अधिक तीन दिन के भीतर एप्लिकेशन पर अपडेट पता चल जाता है। अगर आप चाहते हैं कि क्रेडिट से जुड़ी सभी योजनाओं का लाभ आपको एक साथ मिले तो जन समर्थ पोर्टल आपके लिए सबसे बेहतर विकल्प है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा क्रेडिट-लिंक्ड सरकारी योजनाओं के लिए यह राष्ट्रीय पोर्टल लॉन्च किया गया था। जन समर्थ पोर्टल सरकारी क्रेडिट योजनाओं को जोड़ने वाला वन-स्टॉप डिजिटल पोर्टल है। यह अपनी तरह का पहला मंच है जो लाभार्थियों को सीधे ऋणदाताओं से जोड़ता है।




यह सरकारी ऋण योजनाओं का लाभ चाहने वाले लोगों की समस्याओं का डिजिटल प्रक्रियाओं के माध्यम से समाधान करता है। यह पोर्टल सभी लिंक्ड योजनाओं का संपूर्ण कवरेज सुनिश्चित करता है। ऑनलाइन आवेदन और ऑनलाइन अप्रूवल इस पोर्टल की सबसे बड़ी खूबी है।

#### क्या है जन समर्थ पोर्टल की खासियत

जन समर्थ पोर्टल को आप ऑल इन वन पोर्टल% कह सकते हैं। यहां लोन अप्लाई करने से लेकर से लेकर उसकी मंजूरी तक सब कुछ ऑनलाइन होगा। अगर आपने किसी योजना के तहत मदद राशि के लिए अप्लाई किया है तो अपने लोन की स्थिति भी यहां देख सकेंगे। कोई दिक्कत है तो उपभोक्ता आनलाइन शिकायत भी कर सकेंगे। इस पोर्टल से बैंकों के साथ लोन देने वाली कई छोटी-बड़ी संस्थाएं जुड़ी हैं जो आवेदकों की अर्जी पर विचार करेंगी।

#### क्या-क्या सुविधाएं मिलेंगी

जन समर्थ पोर्टल पर लोन की चार कैटेगरी बनाई गई हैं। इनमें एजुकेशन लोन, एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर लोन, बिजनेस एक्टिविटी लोन और लिवलीहुड लोन है। हर लोन की कैटेगरी में बहुत सी योजनाएं को शामिल किया गया है। आप जिस कैटेगरी के तहत लोन चाहते हैं, उसके तहत आपको अप्लाई करना होगा। जैसे ही आप अपनी वांछित कैटेगरी पर क्लिक करेंगे, आपसे कुछ बेसिक सवाल पूछे जाएंगे। इन सवालों में लोन लेने का मकसद, नाम, पता, कितना लोन चाहिए आदि जैसी जानकारियां मांगी जाएंगी। इन जवाबों के जरिए ही लाभार्थी को पता चल जाएगा कि उसे किसी योजना के तहत लोन मिल सकता है या नहीं। लोन लेने के लिए आम तौर पर कई जरूरी दस्तावेजों की जरूरत होती है। इन दस्तावेजों में वोटर आईडी, पैन, बैंक स्टेटमेंट, आधार नंबर जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। आप अगर लोन के लिए अप्लाई करना चाहते हैं तो आपको इन दस्तावेजों की जानकारी देनी होगी। जन समर्थ पोर्टल पर केवल अप्लाई करने की ही सुविधा नहीं मिलती, बल्कि आप इसके जरिए अपने एप्लिकेशन का स्टेटस भी जांच सकते हैं। सभी पात्र नागरिक इसके जरिए सरकारी क्रेडिट योजनाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## मीठी मीठी सी दिवाली, इस साल उम्मीद की मीठा

# इस दिवाली मिठाई का कारोबार अच्छा रहने की संभावना

कटनी,यशभारत। इस बार दीपावली मिष्ठान दुकानदारों के लिए बड़ी उम्मीद लेकर आ रही है। दरअसल बीते दो साल कोरोना वायरस कारण मिष्ठान दुकानदारों को त्योहारी सीजन पर नुकसान उठाना पड़ा था। लेकिन इस बार त्योहारों पर लोगों के उत्साह और उमंग को देखते हुए बाजार में रौनक दिख रही है। नवरात्रि पर भी दूध से बनी मिठाइयां जमकर खरीदी गई। इसके चलते शक्कर दूध और मिठाई के कारोबार में तेजी आई है। अब आगे दीपावली पर भी मिठाइयों की डिमांड अच्छी रहेगी। उम्मीद है कि इस वर्ष दीपावली पर मिठाई के लिए 75 लीटर दूध और करीब एक क्विंटल शक्कर की खपत होगी। कटनी जिले में इस वर्ष दीपावली के मौके पर डेढ़ करोड़ रुपए की मिठाई की बिक्री होने की उम्मीद है।



दीपावली को लेकर अभी से ही मिठाई दुकानदार तैयारी में लग गए हैं। मिष्ठान दुकानदारों का कहना है कि पिछले दो वर्ष के बाद इस वर्ष दीपावली के अवसर पर मिठाई की बिक्री अच्छी होने की उम्मीद है। पिछले दो वर्ष कोरोना काल होने के कारण दीपावली के अवसर पर मिठाई की बिक्री अच्छी नहीं हुई थी। उस समय मात्र 75 हजार रुपए का ही व्यवसाय हो पाया था। ऐसे में दुकानदारों को नुकसान उठाना पड़ा था। लेकिन इस वर्ष दुकानदारों को उम्मीद है कि दीपावली के मौके पर मिठाई की बिक्री होने से पिछले दो वर्ष में हुए नुकसान की भरपाई होगी। मिष्ठान दुकानदारों ने कहा कि वैसे दीपावली के मौके पर लड्डू की सबसे अधिक बिक्री की जाती है। इसके अलावा अन्य मिठाई की मांग ग्राहकों के द्वारा की जाती है। दुकानदारों की माने तो गढ़वा जिला में छोटी-बड़ी तीन सौ मिष्ठान की दुकान हैं। एक दुकान से पांच क्विंटल मिठाई बिक्री होने की उम्मीद है। एक दुकान से एक से डेढ़ लाख रुपए की मिठाई बिक्री होने की उम्मीद है।

#### इस साल दाम में नहीं हुई है वृद्धि

सिलवर टाकीज रोड पर स्थित मिठाई दुकानदार ने कहा कि दीपावली को लेकर पिछले वर्ष की तुलना इस वर्ष मिठाई के दाम में वृद्धि नहीं हुई है। पूर्व के दामों पर है मिठाई की बिक्री की जा रही है। यदि दीपावली तक मिठाई बनाने वाले सामग्रियों की दामों में वृद्धि होती है तो मिठाई के दाम में वृद्धि हो सकती है। लेकिन ऐसी संभावना देखने को नही मिल रही है।

#### दूध की भी बढ़ जाती है खपत

उधर डेयरी संघ के ने कहा कि दीपावली कर अवसर पर दूध से बनी मिठाई की अधिक बिक्री होती है। ऐसे में दूध की मांग भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पर 75 क्विंटल दूध की खपत होने की उम्मीद है।

#### सभी तरह की मिठाई उपलब्ध

शहर की एक प्रमुख तथा पुरानी मिठाई की दुकान के संचालक ने कहा कि दीपावली आने में अभी एक हफता शेष हैं। बावजूद इसके दीपावली को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है।

#### कटनी में 180 से 380 रुपए प्रति किलोग्राम बिक रहा है लड्डू

मिष्ठान दुकानदार के अनुसार कटनी शहर में लड्डू 180 से 380 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से बिक्री की जा रही है। जबकि पेड़ा 300 से 400 रुपए, रसगुल्ला 300 से 400 रुपए, कलाकंद 400 रुपए बिक्री की जा रही है। वहीं रसमलाई 20 से 25 रुपए प्रति पीस व रस माधुरी 30 रुपए प्रति पीस बिक्री की जा रही है।

#### इस वर्ष अच्छी बिक्री होने की है उम्मीद

मिठाई विक्रेताओं ने कहा कि इस वर्ष दीपावली के मौके पर मिठाई की अच्छी बिक्री होने की उम्मीद है। क्योंकि पिछले दो वर्ष कोरोना काल के कारण ज्यादातर ग्राहक दुकान तक नहीं पहुंचे थे। ऐसे में दीपावली के अवसर पर मिठाई की अच्छी बिक्री नहीं हो सकी थी।

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार तीसरा सप्ताह
रोजाना 2 शो ता. 07 से
दोपहर 12.15 एवं सायं 6.30 बजे से




PS-1
कलाकार- एश्वर्या राय बच्चन, विक्रम जयम रबि, प्रभु आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 2 शो ता. 07 से
दोपहर 3.45 एवं रात्रि 10 बजे से





गॉडफादर
कलाकार- चिरंजीवी, नयनतारा, सलमान खान, सत्यदेव आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 14 से
दोपहर 12.45, 3.15,7 एवं रात्रि 9.45 बजे से




डॉक्टर जी
कलाकार- आयुष्मान खुराना, रकुल प्रीत सिंह, सेफाली शाह, शिवा चड्डा आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

नीरज सिनेप्लेक्स में




ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 14 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से
मिड-डे मील
कलाकार- रणवीर शौरी, भगवान तिवारी, शहनाज प्रधान आदि।
टिकट दर
बालकनी क्लास- 80/- लोवर क्लास-50/-

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, सोमवार, 17 अक्टूबर 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# पंचायत विभाग के आधा सैकड़ा अधिकारी-कर्मचारी इधर से उधर

## मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के बीच जिला पंचायत ने जारी की तबादला सूची

### प्रशासनिक, युक्तियुक्तकरण, स्वेच्छा और आपसी सहमति से स्थानांतरण

**कटनी, यशभारत।** जिला पंचायत सीइओ ने जिला पंचायत क्षेत्र के विभिन्न विभागों में पदस्थ अधिकारी.कर्मचारियों के थोक में स्थानांतरण किए हैं। रविवार को जिला पंचायत व जनसंपर्क विभाग द्वारा 50 से अधिक लोगों की तबादला होने की जानकारी दी गई है। एकसाथ हुए स्थानांतरण पर सवाल उठ रहे हैं कि प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को देने के लिए ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान शिविर चल रहे हैं। ऐसी स्थिति में आखिर ऐसी क्या आवश्यकता थी कि अचानक तबादले करने पड़े। दूसरी ओर जिला पंचायत द्वारा प्रशासनिक, युक्तियुक्तकरण स्वेच्छा और आपसी सहमति से स्थानांतरण किया जाना बताया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मप्र सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जिला पंचायत सीइओ जगदीश चंद्र गोमे का 14 अक्टूबर को स्थानांतरण कर दिया गया है, हालांकि वे अब तक जिले से रिलीव नहीं हुए हैं।

### 8 पंचायत समन्वय अधिकारियों के हुए तबादले

जारी किए गए आदेश के अनुसार पंचायत समन्वय अधिकारी विनोद तिवारी को जनपद पंचायत बहोरीबंद से ढीमरखेड़ा एवं पंचायत समन्वय अधिकारियों राजेंद्र पाटकर को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ से कटनी, रामचंद्र गुप्ता को कटनी से रीठी, मनोज कुमार परोहा को कटनी से रीठी, ग्राम सिंह ठाकुर को बड़वारा से ढीमरखेड़ा, विसर्जन सिंह को बड़वारा से ढीमरखेड़ा, यशोदा परस्ते को विजयराघवगढ़ से बड़वारा एवं डीलन सिंह को रीठी से बहोरीबंद स्थानांतरित करते हुए नवीन पदस्थापना की गई है।




### सहायक यंत्री और तीन उपयंत्री भी हुए स्थानांतरित

बताया जाता है कि संजीव कुमार खर्द प्रभारी सहायक यंत्री को जनपद पंचायत बड़वारा से प्रभारी सहायक यंत्री कटनी में पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार उपयंत्रियों में उमेश हलदेनिया को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ से ढीमरखेड़ा, शिवम सोनी को ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग क्रमांक दो कटनी से रीठी और रामबिसन सिंह को जनपद पंचायत रीठी से विजयराघवगढ़ स्थानांतरित करते हुए पदस्थ किया गया है। जिला पंचायत सीइओ जगदीश चंद्र गोमे ने 39 ग्राम पंचायत सचिवों को स्थानांतरित करते हुए नवीन पदस्थापना की है। जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे द्वारा स्थानांतरित अधिकारी कर्मचारियों को नवीन पदस्थापना स्थल पर अनिवार्य रूप से तत्काल पदभार ग्रहण करने को कहा गया है।

# कंटेनर से हो रही थी मवेशियों की तस्करी

### कुठला पुलिस की कार्रवाई, चार तस्करों को दबोचा

**कटनी, यशभारत।** कंटेनर में तस्करों के द्वारा बेरहमी पूर्वक भरकर मवेशियों की तस्करी की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर कुठला पुलिस ने कंटेनर को जब्त करते हुए 40 नग मवेशियों को मुक्त कराया है। मवेशियों की तस्करी में लिप्त चार बदमाशों को भी दबोचा है। जिनके खिलाफधारा 11 पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960, 66-192 सहित मोटर वीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की है। उप निरीक्षक किशोर कुमार द्विवेदी ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक कंटेनर में जबलपुर से यूपी के लिए मवेशियों की तस्करी हो रही है। सूचना पर पुलिस ने रात में इन्द्रानगर ओवर ब्रिज के पास वाहनों की जांच शुरू की। जैसे ही कंटेनर क्रमांक यूपी 12 एटी 0160 पहुंचा तो उसे रोका और जांच की। इस दौरान मवेशी तस्कर पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगेए तभी उन्हें दबोच लिया गया। कंटेनर खुलवाकर जांच की गई तो उसमें क्रूरता पूर्वक मवेशी भरे गए थे। इसमें 37 नग भैस व 3 नग पड़ा भरे थे, जिन्हें पुलिस ने मुक्त कराया है। मवेशियों की तस्करी में संलिप्त चालक ढोलू, शहबाज कुरैसी 19 वर्ष, मोहम्मद वसीम पठान 36 वर्ष व मोहम्मद जफर 24 वर्ष सभी निवासी टक्कर ग्राम स्लाटर हाउस थाना हनुमानताल जबलपुर पर कार्रवाई की है। थाना प्रभारी रोहित डोंगरे ने बताया कि आरोपी मवेशियों को जबलपुर से यूपी लेकर जा रहे थेए जिनपर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

# धान खरीदी लेकिन रुपए नहीं दिए

### पुलिस ने दर्ज किया धोखाधड़ी का मुदकमा

**कटनी, यशभारत।** माधवनगर पुलिस ने तीन कारोबारियों के खिलाफ धारा 420, 406, 34 के तहत एफआइआर दर्ज की है। माधवनगर थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि 21 जुलाई 22 से लेकर 6 अक्टूबर तक ग्राम पडुआ से शंकर मेहानी निवासी शान्तिनगर से दीपचन्द खेतान, राहुल खेतान, मंजू खेतान ने 10 ट्रक धान की खरीदी की थी। कारोबारियों द्वारा छह ट्रक धान के रुपए नहीं दिए गए। आरोपियों द्वारा 28 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर एफआइआर दर्ज करते हुए मामले की जांच की जा रही है।

# गुरूनानक वार्ड व खिरहनी ओव्हर ब्रिज से बाइक चोरी

**कटनी, यशभारत।** कोतवाली थाना क्षेत्र से दो मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार गुरूनानक वार्ड तुलसी होटल के बगल से सूर्यकान्त चौरसिया पिता सोमनाथ चौरसिया की अज्ञात बदमाश ने मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 21 एमएम 3494 कीमती 70 हजार रुपए पार कर दी है। इसी प्रकार खिरहनी फाटक ब्रिज के नीचे से शैलेष पाण्डेय निवासी सब्जी मण्डी गुरूनानक वार्ड की अज्ञात आरोपी ने बाइक क्रमांक एमपी 21 एमआर 1901 कीमती 80 हजार रुपए पार कर दी है।

# दुकान में अधिपत्य को लेकर विवाद

### युवक के हाथ में नुकीली वस्तु से पहुंचाई चोट, पुलिस ने शुरू की जांच

**कटनी, यशभारत।** जिला अस्पताल के समीप स्थित नगर निगम की दुकान में अधिपत्य को लेकर कल विवाद हो गया। जानकारी के अनुसार रीता आनंद व अकरम खान का साझेदारी में चश्मे का कारोबार चल रहा था। सतीश आनंद ने बताया कि कोविड के दौरान वे भोपाल में भर्ती थे, तभी अकरम ने साझेदारी देना बंद कर दिया और दुकान में कब्जा जमाने का प्रयास किया गया। इसकी थाने में जब शिकायत की गई तो कहा गया कि तीन माह का वक्त दिया जाए व दुकान खाली कर देगा, लेकिन दुकान खाली नहीं की गई और अपने आप को सिकमी किरायेदार बताया गया। इस दौरान रीता आनंद का भी ताला दुकान में लगा रहा। जिसको रविवार को अकरम खान व रुकईया बेगम द्वारा विवाद करते हुए गैंती से ताला तोड़ने का प्रयास किया गया। इस दौरान अकरम ने मो ताहिर निवासी मिशन चौक को भी किसी नुकीली वस्तु से चोट पहुंचाई। मामला कोतवाली थाने पहुंचा, जिसकी पुलिस जांच कर रही है। कोतवाली टीआई अजय सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।



# शाकाहार अपनाने बच्चों ने दिया संदेश

## अखिल भारत वर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद द्वारा प्रतियोगिताओं का आयोजन





**कटनी, यशभारत।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद नीलांजना संभाग शाखा कटनी के तत्वाधान में वृहद शाकाहार एवं नशा मुक्ति पर प्रतियोगिता का आयोजन नालंदा हायर सेकंडरी विद्यालय महापौर श्रीमती प्रीति सूरी के मुख्य आतिथ्य एवं नालंदा विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती भारती निगम के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम के प्रथम चरण में महापौर एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। नालंदा विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा गुरु वंदना की गई, तत्पश्चात मंचासीन मुख्य अतिथि का स्वागत श्रीमती मुक्ता शास्त्री एवं श्रीमती नीता जैन द्वारा किया गया।

विशिष्ट अतिथि का स्वागत मीनू सिंघई एवं अंजू जैन द्वारा किया गया एवं मंचासीन अतिथियों में प्रांतीय सह सचिव श्रीमती शशि जैन का स्वागत प्रांतीय प्रभारी श्रीमती लक्ष्मी जैन द्वारा किया गया। श्रीमती रजनी जैन का स्वागत प्रीति पटवारी एवं सीमा चौधरी द्वारा किया गया। प्रांतीय चेयर पर्सन श्रीमती सुनीता जैन का स्वागत अर्चना चंदेरिया मंजू जैन द्वारा किया गया एवं प्रांतीय चेयर पर्सन श्रीमती बबीता जैन का स्वागत अर्चना जैन आराधना जैन द्वारा किया गया।

परिषद की अध्यक्ष श्रीमती संध्या जैन का स्वागत शिल्पा जैन रूबी जैन द्वारा किया गया। इसके पश्चात पुरस्कार वितरण किया गया, जिसमे प्रथम द्वितीय तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार का वितरण किया गया। जिसमें नशा मुक्ति एवं शाकाहार प्रतियोगिता में 15 बच्चों ने हिस्सा लिया। अपने विचारों को व्यक्त करते हुए सभी बच्चों ने बहुत ही अच्छे तरीके से विचार व्यक्त करते हुए स्पष्ट तथ्यों को रखा सभी बच्चों का पुरस्कार वितरण रजनी जैन के सौजन्य से किया गया एवं कार्यक्रम का आयोजन प्रांतीय चेयर पर्सन सुनीता जैन एवं प्रांतीय चेयरपर्सन बबीता जैन द्वारा किया गया जिसमें परिषद की बहनों की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन सचिव मंजू जैन द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन आयोजन श्रीमती सुनीता जैन एवं बबीता जैन द्वारा किया।

**Required**

An Office Assistant Boy & Girl who must be Graduate, Having the knowledge of English Language, Computer Operations, MS-Excel and Busy Accounting Software. Strictly Only those persons apply who are fulfilling above all critaria to.

M/s RK Dall & Food Products Katni Pvt. Ltd, MadhavnagarKatni Mo. 9827261961
Email - rk.katni@gmail.com



# स्वयंसेवकों ने दिया श्रमदान एवं पॉलिथीन अपशिष्ट साफकर स्वच्छता का संदेश

**कटनी, यशभारत।** शासकीय महाविद्यालय बरही में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. आर. के. वर्मा के मार्गदर्शन, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में रा. से. यो. के स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छ भारत अभियान 2.0 के तहत महाविद्यालय के आस पास एवं पंचमुखी कॉलोनी में श्रमदान कर कॉलोनी में फैले हुये लगभग 30 से 40 किलो पॉलिथीन अपशिष्ट को इकट्ठा कर निस्तारण किया, साथ ही नारों एवं स्वच्छता संबंधी जानकारी के माध्यम से लोगों को अपने अपने घरों के पास साफसफाई रखने के साथ पॉलिथीन का प्रयोग नहीं करने के लिए जागरूक किया एवं भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने, वर्तमान प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान में अपना सहयोग देकर उसे सफल बनाने की अपील की क्योंकि जब भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने में अपनी सहभागिता देगें तभी भारत के विकाश का रथ तेजी से आगे बढ़ेगा, कार्यक्रम में इकाई 2 व 3 कार्यक्रम अधिकारी सुश्री प्रियंका तोमर, डॉ रश्मि त्रिपाठी, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आर. के. त्रिपाठी, डॉ. एस. एस. धुर्वे, डॉ. आर. जी. सिंह, श्रीमती सुनीता सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. के. के. निगम, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, डॉ. मंजुलता साहू, डॉ. शिवानी बर्मन, श्रीमति अनीता सिंह, मनीष मिश्रा, पुष्पेंद्र तिवारी, श्रीमति रूपा शर्मा, मनोज चौधरी तथा स्टॉफके अन्य सदस्य एवं रासेयो स्वयंसेवक पूजा, सपना, ईशा, दीपांजलि, लक्ष्मी, शिवम, धर्मेंद्र, शिवलाल, विनय, राधा, मंदाकिनी, रश्मी, द्रोपती, पुष्पा, महिमा, रूक्मणी, नीलम, उपासना, विक्रम, सर्वेश, आशीष, शुभम, जितेन्द्र, अनुज, प्रदीप, ललन, अतुल, अशोक, भारती, संतोष, पूजा, संगीता, सपना, सुलेखा, दीप्ति, पूर्णिमा आदि उपस्थित रहे।

# दस वर्ष पुराने आधार कार्ड कराएं अपडेट

**कटनी, यशभारत।** कटनी। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा दस वर्ष पुराने आधार कार्ड को अपडेट करने का निर्णय लिया गया है। आधार कार्ड ने नागरिक के पहचान-पत्र के रूप में विश्वसनीयता हासिल की है। आधार कार्ड का उपयोग आज आम नागरिक द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उठाने के लिए किया जा रहा है। शासन के इस निर्णय से ऐसे आधारकार्डधारी, जिन्होंने पिछले 10 वर्ष में आधार कार्ड कभी भी अपडेट नहीं कराया है, उन्हें अपने आधार कार्ड अपडेट कराना होंगे। आधार कार्ड के अपडेट कराने से जिन नागरिकों के कार्ड पुराने और अस्पष्ट हो गए हैं, वे नये कार्ड बनवा सकेंगे। इससे आधार प्रमाणीकरण एवं सत्यापन में होने वाली असुविधा से बचा जा सकेगा। ऐसे व्यक्ति, जिन्होंने अपना आधार कार्ड 10 वर्ष पूर्व बनवाया था और इसके बाद कभी अपडेट नहीं करवाया है, ऐसे आधार नम्बर धारकों से डॉक्यूमेंट अपडेट करवाने का आग्रह किया गया है। इस संबंध में आधार नम्बर धारकों को न्य्व।प् ने डॉक्यूमेंट अपडेट की सुविधा निर्धारित शुल्क के साथ प्रदान की है। आधार नम्बर धारक व्यक्तिगत पहचान के प्रमाण और पते के प्रमाण के दस्तावेजों को आधार डाटा में अपडेट कर सकता है। इस सुविधा ऑनलाइन एक्सेस किया जा सकता है या निवासी इसका लाभ उठाने के लिये किसी भी नजदीकी नामांकन केन्द्र पर भी जा सकते हैं।

# अज्ञात कारण से प्रौढ़ की मौत

**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत एक प्रौढ़ की अज्ञात कारणों से मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार मौजीलाल चौधरी पिता गरीबा चौधरी 50 वर्ष निवासी कैलवारा की अज्ञात कारण से मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

# ट्रेन से कटकर महिला की मौत

**कटनी, यशभारत।** रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बकलेटा रीठी में एक महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। ट्रैकमैन राजकुमार की सूचना पर रीठी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर शिनाख्तगी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

# बीना रेलखंड पर चल रहा एनआइ वर्क

**कटनी, यशभारत।** कटनी-बीना रेलखंड पर थर्ड रेल लाइन विस्तार को लेकर रविवार से एनआइ वर्क शुरू हुआ है। मुख्य यातायात निरीक्षक संजय दुबे ने बताया कि रीठी.बकलेहटा के बीच में थर्ड लाइन विस्तार को लेकर नॉन इंटरलॉकिंग चल रहा है। यह कार्य 19 अक्टूबर तक चलेगा। एनआइ वर्क के दौरान ट्रेनें आंशिक रूप से प्रभावित हुई हैं। स्पीड कम करके यहां से ट्रेनों को निकाला जा रहा है।

cello सेलो फर्नीचर
एकमात्र अधिकृत वितरक



Auth. Distributor-Cello, Natasha Almirah
Almirah, Molded Furniture
विश्वकर्मा फर्नीचर
विश्वकर्मा मार्केट, मधई मंदिर रोड कटनी, फोन- 230557, मो. 9826082251
Email-gopivishwakarma@gmail.com

**किराये से देना है**

सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस,
बैंक, कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड
बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

mgm HOSPITAL
कटनी की पहली और एकमात्र
एम.आर.आई. जाँच सेंटर
एमजीएम हॉस्पिटल में अब सीटी स्कैन के साथ, एमआरआई जाँच की सुविधा उपलब्ध है।
24X7 HELPLINE NUMBER 07622-405070
एम.जी.एम. हॉस्पिटल, कटनी (म.प्र.)
Web- www.mgmhospitalkatni.com, email- info@mgmhospitalkatni.com

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ
CINEMA KATNI
by CMW
Mittal
MALL
Paytm
book my show
From 14th October 2022




TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

## संपादकीय

### वक्त की दरकार

निस्संदेह, किसी सभ्य समाज में नशीले पदार्थों की स्वीकार्यता को सिरे से खारिज ही किया जाता रहा है। लेकिन इसके बावजूद समांतर सत्ता चलाने वाले देशी-विदेशी तंत्र ने व्यवस्था के छिद्रों का फायदा उठाकर नशे के कारोबार को सींचा है। मानव सभ्यता के उदय के साथ ही त्योहारों व मेलों तथा उत्सव के दौरान प्रकृति प्रदत्त ऐसे मादक पदार्थों का सेवन जारी रखा जो जीवन की एकरसता को तोड़ अल्पकालिक उमंग-उल्लास को बढ़ावा देते रहे। वहीं चिकित्सीय उपयोग के लिये विभिन्न पद्धतियों में इनका उपयोग किया जाता रहा है। हाल में बाइडन सरकार ने कई हजार उन अमेरिकियों को अपराध मुक्त किया, जिन्हें संघीय कानूनों के तहत मारिजुआना के उपभोग या रखने के लिये सजा दी गई थी। निस्संदेह, इसके साथ ही इन रिहा लोगों के पुनर्वास व जीवनयापन का प्रश्न सामने रहेगा। अब मांग उठ रही है कि भारत में भी जैविक दवाओं के रूप में इसके उपयोग को कानूनी मान्यता दी जाये। देश के कई राज्यों में पहले ही ऐसा किया जा चुका है। देश का एक वर्ग ऐसा भी है जो पड़ोस के कई देशों से भारी मात्रा में देश के युवाओं की रगों में बहाने के लिये लायी जा रही घातक नशीली दवाओं के खात्मे के लिये इसे दवा के विकल्प के रूप में देख रहा है। मांग की जा रही है कि भांग को घातक नशीली दवाओं को रोकने वाले सख्त कानूनों के दायरे से बाहर किया जाये। ऐसा वैश्विक स्तर पर दर्जनों देशों में किया भी गया है। कई संस्कृतियों में इसके उपयोग को अभिन्न परंपरा माना गया है। दरअसल, घातक नशीले पदार्थों के इतर भांग को कई संस्कृतियों में मनोरंजक उपयोग के चलते मिली मान्यता के बावजूद व्यवस्था से टकराव देखा गया है। इसके बावजूद कि कई इलाकों में यह किसानों की जीविका का साधन भी रहा है। यही वजह है कि दुनिया के कई देशों में इसे सामाजिक मान्यता दी गई है। अमेरिका के कदम के बाद मांग उठ रही है कि भारत में मारिजुआना को अपराध के दायरे से बाहर किया जाये। जिससे लाखों लोगों व उनके परिवारों को नशीली दवाओं के सेवन से मुक्त करने में मदद मिलेगी। इससे राज्यों को भी नशीली दवाओं के खिलाफ चल रही लड़ाई में मदद मिलेगी। इसे सख्त कानून के दायरे से बाहर रखने का कदम उस निर्णय के अनुरूप होगा जो भारत ने 2020 में संयुक्त राष्ट्र में अधिकांश देशों के साथ भांग को घातक नशीले पदार्थों की सूची से हटाने के लिये उठाया था। दरअसल, दुनिया के पचास से अधिक देश औषधीय उपयोग के लिये भांग के उत्पादन व उपयोग की अनुमति देते हैं। इसके मद्देनजर भारत के कई राज्यों में इसको लेकर लचीला रुख अपनाया गया है। उत्तराखंड में भांग की खेती को नियमित किया गया है। वहीं गुजरात ने भांग को नशीली दवाओं की सूची से हटा लिया है। इस साल की शुरुआत में हिमाचल ने भी भांग के पौधे के औषधीय महत्व तथा औद्योगिक उपयोग के लिये भांग की खेती का रास्ता साफ कर दिया है।

# बदलाव के दावों के बावजूद बेजार ज़िंदगी

**आज इस देश में तरक्की के यथार्थ का आकलन करना निरंतर कठिन होता जा रहा है। आंकड़ों से विकास की उपलब्धियों की गणना करनी चाहो तो उसमें सफलता के आभास से अधिक राजनीतिक मिथक उभर कर आम आदमी को भी उसकी जिंदगी की विडंबनाओं और विसंगतियों से दो-चार करने लगते हैं।**

देश ने आजादी का अमृत महोत्सव मना लिया है। राष्ट्रीयता के प्रति जन-जन गौरव से अभिभूत हो उठा है। कुछ राष्ट्रनायक जो भुला दिये गये थे वे अतीत के धुंधलके से बाहर आ पिछड़ती हुई जिंदगियों को प्रेरित करने लगे हैं। नेहरू को भूल, गांधी को औपचारिक रूप से शिरोधार्य करते हुए नये जननायक बने हैं- सुभाष बोस, और प्रथम स्वाधीनता संग्राम की जुझारू वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई। सरकार भी बलिदानी भगत सिंह को शहीदे आजम कह, मोहाली के हवाई अड्डे को उसका नाम देकर राज्य के बलिदान का इतिहास खटकड़? कलां से लेकर मोहाली तक एक नये रंग से रंग देना चाहती है। अपने राष्ट्रवीरों को स्मरण करने में कोई दोष नहीं, उनसे युवा पीढ़ी परिचित ही नहीं, स्पंदित भी हो, इससे भला किसी को क्या ऐतराज हो सकता है। लेकिन समर्पण के ये श्रद्धा-पुष्प केवल चन्द चयनित व्यक्तित्वों के लिये ही क्यों? देश अपनी गुलामी की निशानियों को मिटाकर, विदेशी प्रभुत्व के शिलालेखों को नकारता हुआ, अपने राष्ट्रीय इतिहास का असली चेहरा देश की स्वाधीनता के बाद पैदा हुई युवा पीढ़ी के सामने रखना चाहता है। साधुवाद! लेकिन यह चेहरा एकांगी और पूर्वाग्रह से युक्त नहीं लगना चाहिए।

हर राष्ट्र निर्माता की पहचान इस नये लिखे जा रहे राष्ट्रीय गौरव के इतिहास को पूरी संपूर्णता के साथ प्रस्तुत करे। क्यों विपक्ष को यह कहने का अवसर मिले कि राष्ट्रीय इतिहास की इस पुन~प्रस्तुति में भी वोट बैंक की राजनीति सरक आयी है?

गुलामी की निशानियों से छूटने का अर्थ उस दासता की मनोवृत्ति से मुक्त होना होगा, जो बीती सदी में हमारी कार्य संस्कृति, सामाजिक व्यवहार और जीवन आस्था में छिटक आयी है। केवल नये नामकरण करने अथवा शीर्षक बदल देने से ही देश के भाग्य नियंताओं की प्राथमिकता का पता तो चल जाता है, लेकिन देश में क्या वास्तव में आमूल-चूल परिवर्तन हुआ है, या यह मुखड़ा संवारने का एक सतही अंदाज है? आप अवश्य अंग्रेजीयत की बू से छूटने के लिए जनपथ के समानांतर किंग्ज़वे को राजपथ ?कहने के स्थान पर 'कर्त्तव्य पथ' कह लीजिये, लेकिन क्या देश या उसकी नैया के खवैया अपने कर्तव्य की पहचान कर पाये हैं? यह यक्ष प्रश्न उभरता है। अगर समय रहते पहचान की होती तो आज भी जीवन और विकास की गति में सदी से अवरोध बनी नौकरशाही और लाल फीताशाही विदा ले चुकी होती। जीवन जीने के वही सूत्र वाक्य बदलाव के टकसाली नारों के बावजूद आज भी क्यों जनमानस में घर किये हुए हैं, कि 'यहां यही सब चलता है' या कुछ भी अप्रत्याशित घट जाये 'यहां कुछ अन्तर नहीं पड़ता।'

आप इज़ ऑफ डुइंग बिजनेस, और प्रशासन में आदेश- प्रतिआदेश की फालतू पेपरबाजी के हुड़दंग को रोक देने की घोषणाएं करते थकते नहीं, लेकिन फिर अन्तिम आदेश के लौहद्वार सम्पर्क संस्कृति की उपादेयता अथवा मध्यजन संस्कृति की सार्थकता को नकार क्यों नहीं पाते? दुनिया में हुए अंतर्राष्ट्रीय सर्वेक्षणों ने भी स्वीकार कर लिया है कि भारत के आम जन ने सम्पर्क संस्कृति और वाकफियत के असर को एक सामान्य स्थिति जैसा स्वीकार कर लिया है। क्यों नियम-कायदे फाइलों की शोभा बने रह जाते हैं और बिचौलिये दलाली, कमीशनखोरी, नौकरशाही का चक्रव्यूह तोड़ने की एक ऐसी कुंजी बन जाते हैं? बीते युग में तो एक बार इस एजेंटवाद को कानूनी स्वीकृति दे देने की बात भी उठी थी।

खैर, इसे वह कानूनी जामा तो नहीं मिला, लेकिन देशभर में शार्टकर्ट संस्कृति ने अपने पैर जमा लिये। मेहनत, अध्यवसाय और श्रम साध?ना वर्तमान परिस्थितियों में असंबद्ध होते चले गये और सिफारिश और कदाचार ने उसकी जगह ले ली। देखते ही देखते चोर दरवाजों से रंकों को राजा होते देखा जाने लगा। यह चोर दरवाजे राजनीति में खुले तो आयाराम गया राम का चलन नेताओं का सहज स्वभाव बन गया। विश्वास मत प्राप्त करना जहां विधायकों का बाज़ार दे गया, वहां सत्ताधारियों को अपनी कुर्सी पुष्ट करने का एक तरीका। जनता के मुद्दे वहां के वहां खड़े हैं। हां, उनके नाम पर चिन्तन और समाधान सत्र अवश्य जनप्रतिनिधि संस्थाओं में सत्तापक्ष और विपक्ष के लिए कोलाहल का अखाड़ा बन गये हैं। सत्रावसान इसी हड़बोंग में हो जाते हैं, लेकिन देश की आम जनता के समक्ष खड़ी समस्याएं उसी तरह विकट रूप धारण किये रहती हैं।

चाहे केन्द्र सरकार हो अथवा राज्य सरकारें, हर सरकार भ्रष्टाचार के प्रति अपनी 'ज़ीरो टॉलरेंस नीति' की घोषणा करते थकती नहीं। लेकिन ऐसे देशों के सूचकांक में भारत के दर्जे में कोई सुधार क्यों नहीं आता? सत्ता बदलती है, तो कुछ सत्ताच्युत खेवनहार स्वयं भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे नज़र आते हैं। उन पर कार्रवाई होती है तो इसे राजनीतिक बदलाखोरी का नाम दे दिया जाता है। भ्रष्ट नेता सबूतों या कालेधन की बरामदगी के बावजूद अपना गुनाह कभी स्वीकार नहीं करते। जमानत पर रिहा हो जायें, तो फिर तप-त्याग का मुखौटा धारण कर 'जन सेवा' के लिए अपने आप को प्रस्तुत कर देते हैं। सामाजिक परिवेश कुछ ऐसा है तो इनके भाषणों का सिक्का फिर चलने लगता है और भीड़ फिर जुटने लगती है।

देश का चुनाव तंत्र भी कुछ ऐसा है कि जो यही कह देता है, कि आरोपी अभियुक्त नहीं होता, इसलिए जनता के दरबार में ये लोग पुन~ प्रतिनिधि चुने जाने के काबिल हैं। जाहिर है ऐसे चुनाव जो धनबल, जनबल और बिना काम अधिकाधिक अनुकम्पा की घोषणाओं के बल पर लड़े जाते हैं, में ऐसे सबल व्यक्ति साधारण योग्यजनों को पीछे धकेल फिर चुने जाते हैं। बार-बार चुने जाने के बाद बढ़ती उम्र उन्हें निस्तेज कर दे तो उनके नाती-पोते हैं ही, उनकी विरासत संभालने के लिए। यह विरासत चाहे बरसों से आरोपों से दागदार रही हो, लेकिन अगर ये लोग अपने वोटरों के गलत-सही काम करवाने से सफल रहते हैं, तो उनकी या उनके वंश की लोकप्रियता में कोई अन्तर नहीं आता। चाहे मंचों से ये लोग परिवारवाद के विरुद्ध नारे लगाते ही क्यों दिखाई न दे जायें।

जनमानस ने तो मजबूरी में और भी बहुत कुछ स्वीकार कर लिया है। आर्थिक असमानता, वर्गभेद की विसंगति को नियति स्वीकार कर लिया है। बढ़ती महंगाई और गिरते जीवन आदर्शों को एक विडंबना के रूप में निम्न वर्ग ने भी स्वीकार कर लिया है। जरूरत है इस माहौल में सहज स्वीकार की जगह अस्वीकार के आक्रोश को एक नये सत्य की तरह उभरने की। कैसे उभरेगा यह सत्य? इस युवा देश की नयी पीढ़ी की बदली हुई मानसिकता के साथ उभरेगा। लेकिन यह मानसिकता योग्य को यथोचित मिल सकने के नये संस्कार से पैदा होगी। देश छोड़कर पलायन के रास्ते से नहीं।

**सुरेश सेठ**

# मन में अवगुण सुधार से संवरेगा जीवन

एक व्यक्ति के पास कई पत्र-पत्रिकाएं व दूसरी डाक नियमित रूप से आती थी लेकिन उनमें से एक पत्रिका प्रायः नहीं मिल पाती थी। पत्रिका नियमित न मिलने का कारण तलाश किया तो स्थिति स्पष्ट हुई। उस पर ग़लत पता छपा रहता था जिसके कारण वह उसी ग़लत लिखे पते पर डिलीवर हो जाती थी। आजकल अधिकांश व्यक्ति अथवा संस्थान पते के स्थान पर हाथ से लिखने की बजाय टाइप की हुई नाम व पते की स्लिप चिपकाते हैं। इससे टाइप करते समय यदि एक बार नाम या पते में कोई ग़लती हो जाये तो वह ग़लती बार-बार दोहराई जाती है क्योंकि लोग प्रायः एक बार नाम-पता टाइप करने के बाद उसे कम्प्यूटर में सुरक्षित कर लेते हैं और जब भी ज़रूरत होती है उसकी प्रति निकाल लेते हैं। हमारी ग़लतियों अथवा ग़लत आदतों की भी यही स्थिति होती है। वे मात्र ग़लत कंडीशनिंग के कारण होती हैं। उन्हें ध्यानपूर्वक देखकर सुधार लीजिए और मन में पुनः उनकी कंडीशनिंग कर लीजिए। कम्प्यूटर का नियम है कि उसमें जो डालेंगे वही निकलेगा। जो ग़लत फीड हो गया वो हर बार ग़लत निकलेगा और जो सही फीड हो गया हर बार सही निकलेगा। न कम न ज़्यादा, बिलकुल वही।

हमारा मन भी एक कम्प्यूटर की तरह ही काम करता है। उसमें जो डालते हैं वही प्रभावी हो जाता है। हम मन में जो डालेंगे अथवा जिस प्रकार के विचार मन में लाएंगे उसी प्रकार की प्रतिक्रिया बाह्य जगत में होगी। हम मन में जैसा सोचेंगे वैसा ही बाह्य जगत में वास्तविक रूप लेने लगेगा। प्रायः हमारे मन में कई प्रकार के विचार होते हैं। अच्छे विचार भी होते हैं तो बुरे भी होते हैं। सकारात्मक भाव भी मन में भरे होते हैं तो अनर्गल अथवा नकारात्मक भाव भी भरे रहते हैं। सकारात्मक भावों का हमारे जीवन व व्यवहार पर अच्छा प्रभाव पड़ता है तो अनर्गल अथवा नकारात्मक भावों का दुष्प्रभाव भी अवश्य ही हमारे जीवन व व्यवहार पर पड़ेगा। हमारे जीवन अथवा व्यवहार पर इनका दुष्प्रभाव न पड़े इसके लिए क्या किया जा सकता है? नकारात्मक विचारों के कारण हमारा व्यवहार दूषित होने लगता है जिससे हमारे आपसी संबंध बिगड़ने लगते हैं। इससे जीवन में और भी बहुत कुछ अशुभ व पीड़ादायक घटित होने लगता है।

जीवन में इस अशुभ व पीड़ादायक स्थिति से बचने के लिए हमें अपने मन को एक कम्प्यूटर की तरह बना लेना चाहिए। यदि किसी कम्प्यूटर में ग़लत सामग्री फीड हो गई है तो जब तक हम उस ग़लती को सुधार कर दोबारा फीड नहीं करेंगे वो ग़लती बिलकुल नहीं सुधरेगी और बार-बार होती रहेगी। यदि उसमें संशोधन नहीं करेंगे तो हर बार उसकी प्रति निकालने के बाद उसकी ग़लतियों को काटकर ठीक करना पड़ेगा। इसमें पुनः ग़लती होने की संभावना तो रहती ही है, साथ ही कटिंग होने पर अच्छा भी नहीं लगता। इससे काम भी बढ़ जाएगा। एक ही काम को हर बार ग़लत करने और फिर उसे सुधारने का प्रयास करने का कोई औचित्य भी नहीं दिखता। अतः इस स्थिति से छुटकारा पाना ही उचित होगा। व्यक्ति को चाहिए कि वह अपने मन रूपी कम्प्यूटर में भरे विचारों का भली-भांति अवलोकन करे और जो ग़लत विचार मन में घर कर गये हैं उन्हें सुधारकर उनसे मुक्त हो जाये।

कहना सरल है करना कठिन लेकिन अन्य कोई उपाय भी तो नहीं। यदि कम्प्यूटर में कोई ग़लती हो गई है तो उसको सुधारकर दोबारा फीड करना ही एकमात्र उपचार है लेकिन जब तक ये सुधार नहीं करेंगे बात नहीं बनेगी और बार-बार अशुद्धियां होती रहेंगी। ऐसी ग़लती को सही करने में कई बार महज कुछ सेकेंड का समय ही लगता है लेकिन जब तक उसमें सुधार नहीं करेंगे हर बार वो ग़लती होती रहेगी। कम्प्यूटर में फीड की सामग्री की ग़लती को सुधारने की तरह ही हम अपने मन रूपी कम्प्यूटर की ग़लती को भी आसानी से सुधार सकते हैं। यदि एक बार मन की ग़लत कंडीशनिंग को ठीक कर दिया जाये तो वह ग़लती दोबारा होगी ही नहीं। अब इसके लिए क्या करें? हमारे व्यवहार में जो भी कमी है उसे दूर करने के लिए सही व्यवहार के विषय में सोचकर उस विचार या भाव को मन रूपी स्लेट पर स्थायी रूप से अंकित कर लें।

मान लीजिए हमें बार-बार व बिना किसी वजह के झूठ बोलने की आदत है। झूठ बोलना एक आदत भी हो सकती है और इसके अनेक अन्य कारण भी हो सकते हैं लेकिन झूठ बोलना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं। इससे हमारी प्रतिष्ठा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। हमारी विश्वसनीयता समाप्त हो जाती है। अतः झूठ बोलने से बचने के लिए मन में सदा सच बोलने का भाव होना अनिवार्य है। यदि हम मन में सच बोलने की कंडीशनिंग कर लें तो विषम परिस्थितियों में भी झूठ नहीं बोलेंगे। जब भी झूठ बोलने का मन करेगा अथवा अवसर आयेगा तो अवचेतन मन उसे अस्वीकार कर देगा और सच बोलने के लिए प्रस्तुत हो जायेगा। लेकिन यह तभी संभव है जब हम अपने मन में इस बात की कंडीशनिंग कर लें कि मैं हमेशा सच बोलता हूं। इसके लिए शांत-स्थिर अवस्था में जाकर इसका अभ्यास करना होगा। चरित्र अथवा व्यवहार की इस प्रकार की कोई भी गड़बड़ी क्यों न हो उसे बिल्कुल सही किया जा सकता है। यदि वह गड़बड़ी मन के स्तर पर ठीक हो जायेगी तो उसके दोहराए जाने का प्रश्न ही नहीं उठता।

**सीताराम गुप्ता**

## आपका राशिफल 18 अक्टूबर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। आगे से रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बनें। शुभांक-3-6-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ रहेगा। शुभांक-3-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-4-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। शुभांक-2-5-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। शुभांक-3-6-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। शुभांक-3-6-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। शुभांक-3-5-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। परिवार में अशांति रहेगी। शुभांक-1-4-5

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-2-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शुभांक-2-4-6

## फिल्म वर्ग पहेली - 5961

**बायें से दायें:-**

१. 'तू सामने जब आता' गीत वाली शाहरूख, माधुरी की फिल्म-३
४. शाहरूख, ट्विंकल की 'आशिक हूँ मैं कातिल भी' गीतवाली फिल्म-४
७. 'आके चली बांके चली' गीत वाली संजीव कुमार, शर्मिला टैगोर, शबाना आजमी की फिल्म-४
१०. 'दिल चीज क्या है' गीत वाली 'उमराव जान' की नायिका-२
१२. राजेंद्र कुमार, माला की 'जिसके सपने हमें' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'मैं तुझ से मिलने आई' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२
१५. अक्षयकुमार, रवीना की 'टिप टिप बरसा पानी' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'संभाला है मैं ने' गीत वाली मिथुन, अतुल, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१७. जैकी, रति अग्निहोत्री की 'छोड़ो मुझे छोड़ों' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'हुतूतू' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी?-२
२३. 'ये रेशमी जुल्फे' गीत वाली राजेश, मुमताज की फिल्म-१,२
२४. मिथुन, चंकी, रितुपर्णा, सोमी अली की १९९४ की एक फिल्म-३,२
२७. 'बनाके क्यूँ बिगाड़ा रे' गीत वाली अमिताभ, जया की फिल्म-३
३०. जीतेंद्र, रामेश्वरी की 'काहे बिंदिया लगाई' गीतवाली फिल्म-३
३२. 'एक लड़की जिसके होठों' गीत वाली संजय, जैकी, शिल्पा की फिल्म-२
३३. सनी, संजय, रवीना, दिव्या की 'दिल ना किसी का' गीत वाली फिल्म-३
३४. 'तू प्यार का सागर है तेरी इक बूंद के प्यासे हम' गीत वाली बलराज साहनी, नूतन की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'तन्हा तन्हा दिल' गीत वाली फिल्म-३
२. 'कहना है तुमसे कहना' गीत वाली आमिर, मनीषा की फिल्म-२
३. फिल्म 'मिलन' में मनीषा कोईराला के साथ नायक का नाम-२
५. 'दिल ही दिल में' गीत वाली विवेक ओबेराय, दिया की फिल्म-२
६. बॉबी, अक्षय, अमीषा की 'दिल ने कर लिया' गीत वाली फिल्म-४
८. 'ठहरो तो सही सोचो तो' गीत वाली गोविंदा, मनीषा की फिल्म-४
९. ऋषि, श्रीदेवी की 'भूली बिसरी प्रेम कहानी' गीत वाली फिल्म-३
११. राजेश खन्ना, धर्मेंद्र, वहीदा की फिल्म-३
१३. 'हसीना गोरी गोरी' गीत वाली फिल्म-३
१८. फिल्म 'खानदान' की नायिका कौन थी-३
१९. 'मैं प्यासा तुम सावन' गीतवाली फिल्म-३
२०. 'हम साथ साथ हैं' में सोनाली के पिता की भूमिका किसने की थी?-३,२
२१. 'इन आँखों को आशिक' गीत वाली राजेश, सुलक्षण की फिल्म-२
२५. मनोज वाजपेयी, उर्मिला की एक सस्पेंस फिल्म-२
२६. 'धीरे धीरे आप मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२७. फरदीन, उर्मिला की फिल्म-३
२८. 'गोरी जो मटके' गीत वाली फिल्म-३
२९. सनी, मीनाक्षी की 'सोचना क्या जो भी होगा' गीत वाली फिल्म-३
३१. संजीवकुमार, रेखा, मौसमी चटर्जी की १९८१ की एक फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली - 5960**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कु | ब्बा | न | | व | जू | द | | आ | श |
| बां | | सी | मा | | ही | रा | | शि | |
| नी | ल | म | | ग | | र | क्ष | क | |
| | म्हे | | खु | दा | र | | त्रि | | अ |
| स | | ग | द | र | | ज | य | रा | ज |
| हे | मा | | ग | | सो | मी | | जा | न |
| ली | | क | र्ज | | | र | वि | | बी |
| | ज | या | | म | धु | | दा | ग | |
| बा | | म | र्या | दा | | भा | ई | | जू |
| जी | न | त | | गी | | भी | | डो | ली |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सेहत

# बर्गर-पिज्जा का प्यार न बना दे इस गंभीर बीमारी का शिकार

बर्गर, पिज्जा जैसे फास्ट फूड डायबिटीज की आशंका को कई गुणा बढा देते हैं। इनसे आप कई अन्य बीमारियों के भी शिकार हो सकते हैं। आज के बच्चों (बहुत से वयस्कों की भी) के खानपान की आदतों में फास्ट फूड बहुत तेजी से शामिल होता जा रहा है। इन बहुत ज्यादा कैलरी वाले खाद्य पदार्थों में पोषक तत्वों की मात्रा बहुत कम होती है। संतृप्त वसा (सेचुरेटेड फैट) और कोलेस्ट्रॉल युक्त इन खाद्य पदार्थों का अधिक सेवन मेटाबॉलिज्म के बिगडने का कारण बनता है और इस वजह से भारत में मोटापा, डायबिटीज और हृदय रोगों के मामलों में बहुत तेज वृद्धि देखने को मिल रही है।

अगर मां और पिता, दोनों का वजन ज्यादा है तो बच्चे के भी मोटापे से पीडित होने की आशंका 60 से 80 प्रतिशत बढ जाती है। मोटे बच्चे के बडे होने पर भी मोटापे से पीडित होने की आशंका 70 प्रतिशत होती है। कई मोटे बच्चों के अनुभवों के आधार पर यह बात सामने आई है। उन बच्चों को लगता है, मोटे होने की वजह से उन्हें जिस समस्या का सबसे ज्यादा सामना करना पडता है, वह है सामाजिक भेदभाव। इसका नुकसान यह हो सकता है कि वे दूसरे बच्चों के साथ व्यायाम करने में हिचकेंगे और इस तरह उनमें असामाजिकता और अवसादपूर्ण प्रवृत्तियां घर करती जाएंगी। इसका मनोवैज्ञानिक असर उन पर जीवनपर्यंत रह सकता है।

मोटापे से कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। खासकर युवावस्था में ही जोडों और धमनियों से जुडी समस्याएं हो सकती हैं। बचपन से ही मोटापे से ग्रस्त लोगों में कुछ बीमारियां होने की आशंका बहुत बढ जाती है।अगर हम अभी सक्रिय नहीं हुए, तो वह दिन दूर नहीं, जब भारत के हर घर में परिवार के ज्यादातर सदस्य अपना शुगर लेवल जांच रहे होंगे और डायबिटीज व हृदय रोगों की दवा निगल रहे होंगे! ऐसे में आने वाले समय में अपने रिश्तेदारों और दोस्तों के जन्मदिन पर उपहार के रूप में ब्लडप्रेशर मॉनिटर, ग्लूकोमीटर आदि देने की प्रथा चल पडेगी।

बच्चे ज्यादा कैलरी वाले खाद्य पदार्थ खा रहे हैं। मां-बाप बच्चों को पोषक फल-सब्जियां और नाश्ता, लंच देने की बजाय उच्च फरुक्टोज युक्त खाद्य पदार्थ तथा पेय दे रहे हैं।

बच्चों के मनोरंजन के तरीके भी पहले से काफी बदल गए हैं। पहले बच्चे अपने भाई-बहनों और पडोस के दूसरे बच्चों के साथ मैदान में खेलते थे। अब वे वीडियो गेम खेलते हुए, टीवी देखते और कंप्यूटर के सामने समय बिताते हैं।अब बच्चे स्कूल, बस स्टॉप या पार्क तक पैदल कम जाते हैं। वे अब गर्मियों में साइकिल चला कर स्विमिंग के लिए नहीं जाते और न ही स्थानीय पार्कों में जॉगिंग के लिए जाते है।

## सूडोकु नवताल- 6473

**मध्यम**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6472 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |



## विचार प्रवाह

अगर आप वाकई में सुखी होना चाहते हैं तो खुद को बदलिए। यद्यपि नेचर और सिग्नेचर को बदलना आसान नहीं है। पर कोशिश तो कीजिए। तुमने सुना होगा कि लहरों से डरकर नौका पार नही होती और कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। कोशिश कीजिए। अपने स्वभाव को बदलिए। स्थान बदलने से कुछ नहीं होगा। स्वभाव को बदलिए।

-मुनिश्री तरुण सागर

## शब्द पहेली - 7513

**बाएँ से दाएँ**

1. धनुर्धर-2,2
4. तरुणी, नाजनीन-4
7. संतुष्ट होना-5
9. टेलीग्राम-2
11. महोदय (अंग्रेजी-2)
12. कटि, कमरिया-3
14. फटकार, भर्त्सना-4
15. वतन, स्वेदश-4
16. पार होना, पार करना-3
18. विद्रोही-2
19. गरीब, निर्धन-2
21. लोचदार, लचकदार-5
25. पारंपरिक, पुरातन-4
26. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4

**ऊपर से नीचे**

1. शीघ्रता, जल्दी-3
2. मूल्य, कीमत-2
3. जनता, आम आदमी-2
4. किनारा, कोरा-2
5. इंकार, मनाही-2
6. पानी गर्म करने का यंत्र-3
8. भ्रम, वहम-3
10. साधू, संन्यासी-3,2
11. मुलायम सिंह की राजनीतिक पार्टी-5
12. कपड़े की दीवार-3
13. जिव्हा, जीभ-3
17. रसदार, रसभरा-3
18. कारण, वजह-3
20. नेत्र, लोचन-3
21. बुरी आदत-2
22. एक पड़ोसी देश-2
23. पराया, पंख-3
24. रग, नाड़ी-2

**शब्द पहेली -7512 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | शा | र | दा | | सा | हि | ल | |
| दा | म | | न | | ल | | त | ब |
| खि | | प्रा | व | धा | न | | | रा |
| ल | व | ण | | न | | त | ह | त |
| | | ना | म | | रा | ह | | |
| ती | र | थ | | स | | ल | ग | न |
| स | | | मु | ब | ल | का | | क |
| रा | ज | | नी | | ह | | बे | टा |
| | न | र | म | | जा | हि | ल | |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# 10 दिनों में 5 ग्रहों का होगा राशि परिवर्तन

## लोगों के जीवन में आएगा बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली , एजेंसी।** अक्तूबर को मंगल का राशि परिवर्तन मिथुन राशि में होगा। फिर इसके अगले दिन यानी 17 अक्तूबर को सूर्य तुला राशि में गोचर करेंगे।जल्द ही दिवाली महापर्व की रौनक बढ़ेगी। इसको लेकर तैयारियां जोरों से चल रही हैं। इस बार दिवाली महापर्व के दौरान कई ग्रहों का राशि परिवर्तन होने जा रहा है। 16 से 26 अक्तूबर के मध्य मंगल,सूर्य, शुक्र,बुध और शनि की चाल बदलने वाली हैं। इस दौरान सबसे मंद गति से चलने वाले और ज्योतिष में महत्वपूर्ण ग्रह शनि देव वक्री से मार्गी होंगे। 10 दिनों के अंतराल पर एक साथ कई ग्रहों के राशि परिवर्तन पर सभी जातकों के जीवन के साथ देश-दुनिया पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। इन ग्रहों के राशि परिवर्तन से लोगों की नौकरी, बिजनेस, सुख-सुविधाओं और सेहत में भी परिवर्तन देखने को मिलेगा। सबसे पहले 16 अक्तूबर को मंगल का राशि परिवर्तन मिथुन राशि में होगा। फिर इसके अगले दिन यानी 17 अक्तूबर को सूर्य तुला राशि में गोचर करेंगे। तुला राशि सूर्य की नीच राशि मानी गई है। सूर्य के नीच राशि में प्रवेश करने से सरकारी नौकरी करने वाले जातकों के कुछ तनाव और मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

## शशि थरूर बनाम मल्लिकार्जुन खड़गे

# कौन होगा कांग्रेस का अगला अध्यक्ष

**नई दिल्ली, एजेंसी ।कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव की प्रक्रिया को लेकर भी सवाल भी खड़े होने लगे हैं। ये सवाल खुद अध्यक्ष पद के उम्मीदवार शशि थरूर ने खड़े किए हैं। ऐसे में लोग इस बात की चर्चा करने लगे हैं कि आखिर खरगे के सामने थरूर कहां तक टिक पाएंगे? थरूर की दावेदारी कितनी मजबूत है? आइए समझते हैं...**



कांग्रेस का अगला अध्यक्ष कौन कांग्रेस के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए चुनाव होना है। इसके लिए सारी तैयारियां हो चुकी हैं। कांग्रेस के 9800 से ज्यादा मतदाता मल्लिकार्जुन खड़गे या शशि थरूर में से किसी एक का चुनाव करेंगे।

हालांकि, चुनाव की प्रक्रिया पर अब सवाल भी खड़े होने लगे हैं। ये सवाल खुद अध्यक्ष पद के उम्मीदवार शशि थरूर ने खड़े किए हैं। थरूर ने आरोप लगाया है कि मल्लिकार्जुन खड़गे से कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता आसानी से मुलाकात करते हैं। उनका स्वागत करते हैं, लेकिन ऐसा थरूर के साथ नहीं होता है। थरूर से मुलाकात करने में कांग्रेस के नेता हिचकते हैं।

ऐसे में सवाल उठ रहा है दोनों प्रत्याशियों में कौन भारी है? किसके जीत की संभावना ज्यादा है? कौन कांग्रेस का अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष होगा? शशि थरूर ने और क्या-क्या आरोप लगाए हैं? आइए समझते हैं... कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव के लिए सोमवार सुबह दस बजे से वोटिंग शुरू हो जाएगी। चार बजे तक वोटिंग का समय निर्धारित किया गया है। देश भर में 40 केंद्रों पर इसके लिए 68 बूथ बनाए गए हैं। करीब 9800 मतदाता इसमें हिस्सा लेंगे जो अलग-अलग प्रदेशों के प्रतिनिधि हैं। सोनिया गांधी, मनमोहन सिंह, प्रियंका गांधी समेत अन्य सीडब्ल्यूसी के सदस्य कांग्रेस मुख्यालय में बने बूथ में मतदान करेंगे। एक बूथ भारत जोड़ो यात्रा के कैंप में भी बनाया गया है, जहां राहुल गांधी और करीब 40 मतदाता मतदान करेंगे। मल्लिकार्जुन बेंगलुरु और शशि थरूर तिरुवनंतपुरम स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मतदान करेंगे। मतदान के बाद मतपेटियों को दिल्ली लाया जाएगा, जहां पार्टी मुख्यालय में 19 अक्टूबर को मतगणना होगी और नतीजे घोषित होंगे। कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए 22 साल बाद चुनाव होने जा रहा है और करीब 24 साल के बाद पार्टी की कमान गांधी परिवार के बाहर जाना तय हो गया है। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी शशि थरूर के सामने मल्लिकार्जुन खरगे हैं। खरगे को पार्टी की तरफ से खुलकर समर्थन बताया जा रहा है। यही कारण है कि शशि थरूर अलग-थलग पड़ गए हैं। थरूर ने इसको लेकर खुलकर अपनी बात भी रखी। उन्होंने कहा, मल्लिकार्जुन खरगे से कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता आसानी से मुलाकात करते हैं। उनका स्वागत करते हैं, लेकिन ऐसा मेरे साथ नहीं होता है। मुझसे मुलाकात करने में कांग्रेस के नेता हिचकते हैं।थरूर यहीं नहीं रुके। आगे उन्होंने कहा, %हमें 30 सितंबर को मतदाताओं की पहली सूची दी गई। जिसमें केवल नाम थे। किसी का नंबर नहीं था। एक हफ्ते पहले दूसरी सूची दी गई। ऐसे में हम कैसे किसी से संपर्क कर पाते। दोनों सूची में कुछ अंतर थे। मेरी यह शिकायत नहीं है कि ये जानबूझकर कर रहे हैं। समस्या यह है कि हमारी पार्टी में कई साल से चुनाव नहीं हुए हैं, इसलिए कुछ गलतियां हुई हैं। मुझे पता है कि मिस्त्री जी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए बैठे हैं। मुझे उनसे कोई शिकायत नहीं है।थरूर ने कहा, कुछ नेताओं ने ऐसे काम किए हैं, जिसपर मैंने कहा कि समान अवसर नहीं है। कई प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) में हमने देखा कि पीसीसी अध्यक्ष, विधायक दल के नेता और कई बड़े नेता खरगे साहब का स्वागत करते हैं।



# 25 अक्टूबर की शाम सूरज पूरा गोल नहीं दिखेगा

**शाम चार बजे के बाद आंशिक सूर्यग्रहण**

**भोपाल , एजेंसी।** भारत में दिखने वाली इस घटना में शाम होने के पहले चंद्रमा सूरज के आंशिक भाग को ढंक लेगा। पृथ्वी और सूर्य के बीच चंद्रमा के आ जाने से यहां आंशिक सूर्यग्रहण की घटना दिखाई देगी।25 अक्टूबर को अमावस्या पर प? रही दीपावली की रात को चंद्रमा के तो दीदार नहीं होंगे, लेकिन इस साल सूरज भी शाम को पूरा साथ नहीं देगा। दोपहर में पूरा दिखने वाला सूरज का गोला शाम होते-होते अर्द्धगोलाकार दिखने लगेगा। ऐसा इस साल के दूसरे सूर्यग्रहण की खगोलीय घटना के कारण होने जा रहा है।भारत सरकार की नेशनल अवॉर्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि यूरोप के अधिकांश भाग, उत्तरी अफ्रीका के साथ एशिया के पश्चिमी भागों में इसे आंशिक सूर्यग्रहण के रूप में देखा जा सकेगा। भारत में दिखने वाली इस घटना में शाम होने के पहले चंद्रमा सूरज के आंशिक भाग को ढंक लेगा। पृथ्वी और सूर्य के बीच चंद्रमा के आ जाने से यहां आंशिक सूर्यग्रहण की घटना दिखाई देगी।सारिका ने बताया कि पृथ्वी के भू भाग पर भारतीय समयानुसार दोपहर 2 बजकर 28 मिनट और 21 सेकंड पर यह ग्रहण आरंभ होगा। शाम 4 बजकर 30 मिनट और 16 सेकंड पर अधिकतम ग्रहण होगा तथा शाम 6 बजकर 32 मिनट 11 सेकंड पर यह समाप्त होगा। लेकिन भारत में 4 बजे के बाद अलग-अलग भू भाग पर दिखना आरंभ होगा।




# दो पबों पर देर रात कार्रवाई डीजे सिस्टम जब्त

## तय समय सीमा के बाद भी हो रहे थे संचालित

**इंदौर, एजेंसी।** तय समयसीमा का उल्लंघन करने पर शनिवार देर रात पुलिस ने दो पबों पर कार्रवाई करते हुए म्यूजिक सिस्टम जब्त कर लिया।इंदौर में पब के लिए निर्धारित की गई समयसीमा का उल्लंघन करने पर शनिवार रात दो पबों पर पुलिस ने कार्रवाई की। इस दौरान डीसीपी ने पब से म्यूजिक सिस्टम जब्त करा कर थाने में रख लिए। दोनों पबों के कर्मचारियों पर प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात डीसीपी संपत उपाध्याय के आदेश पर पियानो पब एंड बार और रिवोल्यूशन बार पर कार्रवाई की गई है। न्यू शीतल नगर निवासी उत्तम और सोलंकी नगर निवासी संतराम पर धारा 188 के तहत कार्रवाई की गई है। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी ने बताया कि पब के लिए 11ः30 बजे तक का समय निर्धारित है, लेकिन समयसीमा के बाद भी दोनों पबों पर तेज म्यूजिक बज रहा था। जैसे ही पुलिस पब के अंदर पहुंची युवक-युवती बाहर निकल गए।

## अकरम ने अमर बनकर महिला को प्रेम जाल में फंसाया,

### मुसलमान बनने का बनाया दवाब, किया दुष्कर्म

भोपाल, यश भारत। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक लव जिहाद का मामला सामने आया है। जहां अकरम नाम के एक युवक ने अमर बन कर महिला से सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती की। और फिर उसे अपने प्रेम जाल में फंसा कर युवती के साथ ज्यादती की। साथ ही युवती पर मुसलमान बनने के लिए भी दबाव बनाने लगा। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस ने दुष्कर्म के साथ ही धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला ने बताया कि आरोपी उसे धर्म बदलने के लिए दबाव बनाने लगा। वह नमाज पढ़ने और मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए धमकी देने लगा। साथ ही रविवार को आरोपी ने महिला को जान से मारने की धमकी देकर एक होटल में दुष्कर्म किया और धर्म बदलने की दबाव बनाया। जिसके बाद महिला सीधे एमपी नगर थाने पहुंची और शिकायत दर्ज करवाई। महिला की शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म और धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धारा में केस दर्ज कर लिया है।

# बिहार-उत्तर प्रदेश से लेकर दिल्ली तक बारिश से राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी। मौसम विभाग के ताजा अपडेट्स के मुताबिक, कुछ हिस्सों को छोड़ दें तो देश के अधिकांश राज्यों से मॉनसून की वापसी होती दिख रही है। अगले 2 दिनों के दौरान विदर्भ, छत्तीसगढ़, आंतरिक महाराष्ट्र और झारखंड के कुछ हिस्से, आंतरिक ओडिशा और पूरे पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्से से मॉनसून के हटने की प्रबल संभावना है।**



मौसम विभाग के मुताबुक, एक चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण-पूर्व अरब सागर और उससे सटे केरल तट पर निचले क्षोभमंडल में बना हुआ है। एक ट्रफ रेखा दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक जाती है। 18 तारीख के आसपास उत्तरी अंडमान सागर और आसपास के इलाकों में एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बनने की संभावना है। 20 अक्टूबर के आसपास बंगाल में निम्न दबाव का क्षेत्र बनता दिख रहा है।इन प्रणालियों के कारण कुछ इलाकों में बारिश हो सकती है। तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल और केरल में भारी बारिश के साथ बिजली गिरने की संभावना है। वहीं, आज दक्षिण आंतरिक कर्नाटक और 18-20 अक्टूबर के दौरान लक्षद्वीप में मूसलाधार बारिश हो सकती है।

तेलंगाना में आगामी पांच दिनों में बारिश के आसारतेलंगाना में आगामी पांच दिनों तक कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान है। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी है। मौसम विभाग ने यहां जारी बुलेटिन में कहा कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून तेलंगाना पर सक्रिय है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना के सूर्यापेट जिले में पिछले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश हुई। बुलेटिन में बताया गया है कि इसी अवधि राज्य के ज्यादातर स्थानों पर बारिश हुई। अंडमान और निकोबार में भी कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। आज महाराष्ट्र, कोंकण और गोवा में भी बारिश हो सकती है। वहीं, उत्तर पश्चिम और मध्य भारत के अधिकांश हिस्सों में शुष्क मौसम रहने की संभावना है।

# वन विभाग मैनिट के जिस बाघ को T-1234 बता रहा था

## वह निकला बाघिन टी-21 का बच्चा

**भोपाल , यश भारत। राजधानी भोपाल के मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में घूम रहे बाघ को लेकर नई जानकारी सामने आई है। वन विभाग मैनिट के जिस बाघ को बाघिन ञ-123 का बच्चा T-1234 बता रहा था। वह बाघिन T-21 का बच्चा निकाला। ऐसे में अब वन विभाग के बाघों की जानकारी को लेकर ही सवाल खड़े हो रहे हैं।**

वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में दो बाघ का मूवमेंट था। भोपाल डीएफओ आलोक पाठक का कहना है कि ञ-1234 बाघ मैनिट में प्रवेश करने के कुछ दिन बाद ही लौट गया। इसके बाद ञ-21 बाघिन के तीन बच्चों में से एक बच्चा मैनिट में अंदर आ गया। इसकी पहचान बाघ के शनिवार रात को पकड़ में आने के बाद विशेषज्ञों ने की। अब वन विभाग के दावों पर ही सवाल खड़े हो रहे हैं, क्योंकि बाघ ट्रैप कैमरो में आने के बावजूद अधिकारी उसकी पहचान नहीं कर सके। उसे टी-1234 ही बताते रहे।

शहर के मैनिट में 14 दिन पहले स्टूडेंट्स को बाघ दिखा था। इसके बाद उसने उसी दिन दो मवेशियों पर हमला किया था। दो दिन बाद बाघ ने एक गाय का शिकार किया था। वह छठे दिन वन विभाग के कैमरे में ट्रैप हुआ था। इसके बाद बाघ को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम ने तीन पिंजरे लगा रखे थे। वहीं, 20 से ज्यादा ट्रैप कैमरे से उसकी मॉनीटरिंग की जा रही थी। वन विभाग के 40 से ज्यादा कर्मचारियों की मैनिट में अलग-अलग शिफ्ट में ड्यूटी लगाई गई थी। बाघ को सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के जंगल में छोड़ने भेज दिया गया।मैनिट में बाघ दिखने के बाद से ही दहशत का माहौल था। इसको लेकर प्रबंधन ने ऑफलाइन क्लोस बंद कर दी थीं। इसके बाद यूजी की कक्षाओं के लिए छुट्टी घोषित कर दी थी। इसको लेकर पीजी के छात्रों ने विरोध किया था। बता दें मैनिट में 70 से 80 हेक्टेयर में घना जंगल है। इसी में बाघ छिपा हुआ था। बाघ की मौजूदगी के बाद तालाब की तरफ के इलाके को सील कर दिया गया। उस तरफ जाने पर रोक लगा दी थी। इसके लिए मैनिट के गार्ड और वन विभाग के कर्मचारियों को तैनात किया गया था।



# शहर की 18 हजार से ज्यादा बंद स्ट्रीट लाइटों को सुधारने में जुटा निगम

## दीपावली से पहले जगमगाएगा शहर

भोपाल, यशभारत। शहर में लंबे समय से बंद पड़ीं स्ट्रीट लाइटों को सुधारने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। वर्तमान में शहर की लगभग 18 हजार से ज्यादा स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हुई हैं। जिनमें मुख्य मार्गों के साथ अंदरूनी इलाकों की स्ट्रीट लाइटें भी शामिल हैं। लगभग 200 किमी सड़कों पर स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं। जिनके कारण शहरवासी परेशान हैं, लेकिन नगर निगम और स्मार्ट सिटी कंपनी ने इन सभी लाइटों को सुधारने का काम युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया है। माना जा रहा है कि दीपावली से पहले शहर में लगभग हर जगह पर स्ट्रीट लाइट सुधारने का काम पूरा कर दिया जाएगा। नगर निगम ने शहर के जेल रोड, चूना भट्टी मेन रोड, कोलार मेन रोड, बागसेवनिया थाने से विश्वकर्मा मंदिर, बावड़िया कला ब्रिज, गुजराती कॉलोनी, बावड़िया कला चौराहे से आकृति इको सिटी, लिंक रोड नंबर 3, सलैया, मिसरोद और बावड़ियां कलां, हर्षवर्धन नगर, माता मंदिर, अशोका गार्डन 80 फिट रोड पर स्ट्रीट लाइट लगाने का काम शुरू कर दिया है। अयोध्या बायपास और भेल क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटें ** सुधारने का काम चल रहा है, जिसमें से ज्यादातर जगहों पर लाइटें सुधार ली गई हैं। संत हिरदाराम नगर में भी स्ट्रीट लाइटें सुधारने का काम जारी है। निगम शिकायतों के आधार पर अंदरूनी कॉलोनियों में भी स्ट्रीट लाइटें सुधारने का काम कर रहा है।

# पनिहाई धाम बनेगा आदर्श पर्यटन स्थल

## जल्द मिलेगी सर्वसुविधायुक्त बस स्टैंड की सौगात, कैमोर में विकास की नई इबारत लिख रही नगर परिषद

कैमोर, यशभरत। कैमोर नगर में चुनकर आई नई परिषद इस बार विकास का नया इतिहास लिखने को तैयार है। जहां एक ओर वर्षों से लंबित विकास कार्यों को गति प्रदान करते हुए उन्हें शीघ्र पूरा कराने पर जोर दिया जा रहा वहीं नये विकास कार्यों की रूपरेखा भी तैयार की जा रही। नगर के उत्तर में कैमोर पर्वत की तलहटी पर प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर मनोरम स्थल पनिहाई धाम को एक आदर्श पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का कार्य प्रारंभ होने को है वहीं सर्व सुविधायुक्त बसस्टेंड निर्माण के प्रयास भी तेज हो गए हैं। लगभग दो दर्जन विकास कार्यो की रूपरेखा तैयार कर स्वीकृति के लिये भेजे जा चुके हैं। शासन से स्वीकृति मिलते ही इन सभी कार्यों को मूर्त रूप देने का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। नगर परिषद अध्यक्ष मनीषा अजय शर्माएउपाध्यक्ष संतोष केवट सहित सभी पार्षद सीएमओ धर्मेन्द्र शर्मा, स्वच्छता निरीक्षक पृथ्वीराज सिंह एवं इंजीनियर हिमांशु गौतम नगर विकास के इन लक्ष्यों को पूरा करने में जुट गये हैं। नई परिषद की सक्रियता देखकर नगरवासियों की उम्मीदें भी बढ़ गई हैं। लोगों को भरोसा है कि क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येंद्र पाठक के मार्गदर्शन और उनके सहयोग से नई परिषद बेहतर काम करते हुए उनकी उम्मीदों पर खरी साबित होगी।





### पनिहाई के लिए मुख्यमंत्री ने की थी घोषणा

कैमोर पर्वत की सुरम्य वादियों में स्थित पनिहाई धाम कई दशकों से लोगों की आस्था का एक प्रमुख केंद्र रहा है। यहां पहाड़ी पर भगवान भोलेनाथ विराजे हैं, उनके साथ प्रथम पूज्य विघ्नहर्ता श्रीगणेश एवं संकट मोचन श्री हनुमान जी का भी स्थान है। कई सालों तक यह जूना अखाड़े से जुड़े बाल ब्रम्हचारी संत बाबा केदारनाथ की तप स्थली रहा है। यहां बारह मासी झरना है। हरी- भरी पहाड़ियों पर प्राकृतिक सौंदर्य बिखरा पड़ा है। इस धार्मिक और प्राकृतिक स्थल को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की मांग विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से कुछ साल पहले तब की थी जब वे विधानसभा चुनाव से पहले कैमोर आये थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विधायक संजय पाठक की इस मांग को मंच पर ही स्वीकृति प्रदान करते हुए पनिहाई धाम के विकास के लिए एक करोड़ की राशि जारी कराने का वादा किया था। चुनाव के बाद मुख्यमंत्री ने अपना वादा निभाते हुए प्रारम्भिक किश्त के रूप में 50 लाख की राशि जारी भी करा दी थी। यहां की कुछ भूमि वन विभाग की होने के कारण कार्य शुरू होने में कुछ रुकावटें भी आई बाद में विधायक श्री पाठक ने वन विभाग के उच्चाधिकारियों से मिलकर इन रुकावटों को दूर कराया। नई संशोधित डीपीआर बनी और अब तो टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। एक दो दिन में कार्यादेश जारी होते ही पनिहाई धाम में विकास कार्य प्रारंभ हो जाएंगे। जल्द ही कैमोर के लोगों को एक विकसित पर्यटन स्थल की सौगात मिल जाएगी।

### प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए शुरू होगी लाइब्रेरी

लगभग दो दशक पहले कैमोर नगर परिषद द्वारा नागरिकों सहित विद्यार्थियों के लिए नगर परिषद में एक लायब्रेरी का संचालन शुरू किया गया था जो बाद में बंद हो गई। इस बार की परिषद ने बेहतर सुविधाओं के साथ पुनः लाइब्रेरी शुरू करने का निर्णय लिया है जिसमें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को न केवल सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी बल्कि समय समय पर विशेषज्ञ अतिथियों को आमंत्रित कर विद्यार्थियों को उनका मार्गदर्शन भी प्रदान कराया जाएगा। विद्यार्थियों के लिए लायब्रेरी में इंटरनेट सुविधा भी निशुल्क उपलब्ध कराने की योजना है।

### जनहित की योजनाओं पर होगा शत प्रतिशत अमल

नगर परिषद के मौजूदा जनप्रतिनिधि जहां एक ओर पुराने और नए विकास कार्यों को पूरा कराने में जुटे हैं वहीं नगर परिषद के माध्यम से नागरिकों को मिलने वाली सेवाओं और सुविधाओं को भी और बेहतर बनाने जोर दिया जा रहा। मुख्य सड़क सहित वार्डों की अंदरूनी सड़कों के सुधार के लिए जल्द टेंडर मंगाए जाएंगे। पक्की नालियों का निर्माण किया जाएगा। सफाई और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था में बेहतर काम किया जा रहा। मुख्यमंत्री अधोसंरचना से प्राप्त राशि से नई स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही। प्रथम चरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। नगर परिषद अध्यक्ष मनीषा शर्मा, उपाध्यक्ष संतोष केवट पार्षदों और अधिकारियों के साथ वार्डों का भ्रमण कर नगर परिषद द्वारा जनहित में संचालित शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी भी ले रहे। लोगों की समस्याओं से अवगत होते हुए उनका संतोषप्रद निराकरण करने के प्रयास भी किये जा रहे।

### पार्क, चौपाटी, ओपन जिम और अतिथि भवन के प्रस्ताव तैयार

कैमोर नगर में पार्क, चौपाटी, जिम जैसी सुविधाओं का अभाव था जो अब जल्द ही पूरा होगा। नगर परिषद द्वारा शासकीय स्वास्थ्य केंद्र के पीछे खाली पड़ी एक एकड़ भूमि पर व्यवस्थित पार्क निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया है इसके अलावा सेल्फी पॉइंट के समीप ओपन जिम शुरू कराये जाने की भी योजना है। खलवारा बाजार वार्ड क्रमांक 6 में चौपाटी का निर्माण तथा संडे मार्केट क्षेत्र में वातानुकूलित 6 कमरों का एक अतिथि भवन तैयार करने का प्रस्ताव भी संयुक्त संचालक को भेजा गया है। नगर परिषद सूत्रों की माने तो इन सभी प्रस्तावों को इसी साल के अंत तक स्वीकृति प्राप्त हो जाएगी। स्वीकृति मिलते ही शेष औपचारिकता पूरी कर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिए जाएंगे। इसके अलावा संडे मार्केट के समीप पंप हाउस के नजदीक मुख्य मार्ग के किनारे एक बड़ा वाटर कूलर भी लगाए जाने की योजना है जिसे जल्द ही मूर्त रूप दिया जाएगा।

### सर्व सुविधायुक्त बस स्टैंड निर्माण का मार्ग भी प्रशस्त

कैमोर नगर में कोऑपरेटिव सोसायटी पेट्रोल पंप के समीप बस स्टैंड का निर्माण होना है। प्रस्तावित भूमि एसीसी के लीज क्षेत्र में होने के कारण कुछ रुकावट आ रही थी पर बाद में विधायक संजय पाठक के आग्रह पर एसीसी ने उक्त भूमि नगर परिषद को सौंप दी थी। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी होने के कुछ ही दिन बाद 26 जनवरी 2021 में विधायक श्री पाठक द्वारा यहां बसस्टेंड एवं फायर स्टेशन निर्माण की आधारशिला रखी थी। कुछ कारणों से यहां कार्य शुरू होने में विलंब हुआ पर नई परिषद ने अब समस्त औपचारिकताएं पूरी कर संशोधित प्रस्ताव संयुक्त संचालक को भेज दिया है। संयुक्त संचालक से अगले महीने तक स्वीकृति मिल जाने के आसार हैं। स्वीकृति प्राप्त होते ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर बस स्टेंड निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

### कलेक्टर ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

## 25 ग्राम पंचायतों के 6037 घरों में नलों से पहुंचा पानी



#### गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने दिए निर्देश

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जल जीवन मिशन के कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों के सभी घरों में नल से जल पहुंचने लगा है उन्हें हर घर जल पंचायत घोषित करें। कलेक्टर ने यह निर्देश शनिवार को आयोजित जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक में दिया। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ जगदीश गोमे कार्यपालन यंत्री पी.एच.ई. एस.एल.कोरी सहित कांट्रेक्टर और विभागीय अमला मौजूद रहा। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन का उद्देश्य हर घर जल पहुंचाना है। इसके लिए चयनित पंचायतों में कराए जाने वाले कार्यों की गुणवत्ता बेहतर हो यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से हिदायत दी कि उपयंत्री और कांट्रेक्टर अपसी समन्वय से कार्य करें। किसी भी स्तर पर किसी के भी द्वारा गड़बड़ी करने और कोताही बरतने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में बताया गया कि अब तक जिले की 25 ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के कार्यों को पूर्ण कर 6037 घरेलू नल कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं। कलेक्टर ने बैठक में 261 ग्रामों के लिए जल जीवन मिशन का अभी तक डीपीआर नहीं बनने पर नाराजगी जाहिर किया और शीघ्र यह कार्य संपादित करने निर्देशित किया। कार्यपालन यंत्री श्री कोरी ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत वर्तमान में 264 कार्य प्रारंभ है, योजनांतर्गत जिले के 901 ग्रामों के शामिल होने की जानकारी देते हुए बताया गया कि अब तक 347 डीपीआर स्वीकृत हो गई है,और अभी 516 ग्रामों की डीपीआर बनाना शेष होने की जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री मिश्रा ने इन सब की तत्काल डीपीआर बनवाने की हिदायत दी। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह भी मौजूद रहे।




## छात्र-छात्राओं ने लिया साफ -सफाई का संकल्प

**कटनी,यशभारत।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय कैलवाराकला शनिवारों विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर प्राथमिक ,माध्यमिक विद्यालय के छात्र -छात्राओं को सही तरीके से हाथ धोने के विषय में बताया गया। उन्हें हाथ न धोने से होने वाली बीमारियों के संबंध जानकारी दी गई और प्रतिदिन शौच के पश्चात व खाना खाने से पहले विद्यार्थियों को सही तरीके से साबुन से हाथ धोने एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई गई । हाथ धोने के सही तरीके का प्रदर्शन कर विद्यथियों की सहभागिता करवाई गई , ।इस कार्य में विद्यालय के जीवन लाल विश्व कर्मा , मुन्नी पटेल ,अनुराधा बडेरा लिया एवं संस्था प्राचार्य राजेश अग्रहरी उपस्थित रहे।

### हिंदी में मेडिकल की शिक्षा के शुभारंभ पर आयोजित हुए कार्यक्रम

## संगोष्ठी, परिचर्चा व गीतों की प्रस्तुति के साथ मनाया दीपोत्सव

**कटनी,यशभारत।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा आज 16 अक्टूबर को हिंदी में मेडिकल की पढ़ाई का शुभारंभ किया गया। इस उपलक्ष्य में कल 15 सितम्बर शनिवार को जिले भर में हिंदी के महत्व, कविता संगोष्ठी और परिचर्चाओं का जिले के शैक्षणिक संस्थानों में व्यापक आयोजन हुआ। साथ ही बड़े उत्साह के साथ शाम को छात्र -छात्राओं और शिक्षकों सहित नगरीय निकायों एवं पंचायतों में दीपोत्सव का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। शनिवार को स्कूलों व कॉलेजों में हिंदी प्रेमी सम्मेलन, हिंदी में ज्ञान के प्रकाश ,कार्यक्रम की संगोष्ठी आयोजित की गई। इसी क्रम में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधव नगर में शनिवार को हिंदी भाषा के महत्व पर संगोष्ठी आयोजित करके हिंदी में एमबीबीएस की पढ़ाई कराने वाला मध्य प्रदेश पहला राज्य होगा ,इस विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई, और बच्चों को इसके महत्व से अवगत कराया गया। इस दौरान स्कूल में सभी शिक्षक छात्र -छात्रा और स्टाफमौजूद रहा ।छात्रों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर सहभागिता की और मुख्यमंत्री मामा शिवराज सिंह चौहान को हिंदी में मेडिकल की पढ़ाई शुरू करने के लिए धन्यवाद दिया।






## सेक्रेड हार्ट ने समूह गायन में लहराया परचम

**कटनी,यशभारत।** विगत 15वर्षों से भारत राष्ट्रीय विकास परिषद की ओर से चली आ रही समूह गायन प्रतियोगिता का आयोजन इस बार भी सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटनी में किया गया था, जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने हिस्सा लिया। सेक्रेड हार्ट इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल कटनी ने भी इस स्पर्धा में शामिल होकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। समूह गायन प्रतियोगिता में संगीत शिक्षिका श्रीमती निधि भारद्वाज की सान्निध्य में स्कूल की टीम तैयार की गई थी। समूह गायन प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय प्राचार्य अभिषेक बनर्जी का प्रयास था। आयोजन में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष के एम गट्टानी सचिव रामहित सोनी अर्पित अग्रवाल श्रीकांत गट्टानी एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

## होटलों एवं ढाबों में आबकारी की दबिश

### मदिरा के अवैध संग्रहण, विक्रय व निर्माण के विरूद्ध कार्रवाई जारी







**कटनी,यशभारत।** ज़िले में नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के विरूद्ध कार्रवाई का सिलसिला जारी है । जिला कटनी में अवैध मदिरा के संग्रहण ,परिवहन ,विक्रय ,निर्माण और रोकथाम हेतु चलाये जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर एवं जिला आबकारी अधिकारी आर.के. बघेल के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त कटनी क्रमांक 01, 02 एवं 03 शहर स्थित होटल 7-11, डर्बी, शकुन होटल, जायसवाल ढाबा, गुप्ता भोजनालय, शेरे पंजाब, साहू ढाबा, एवं अल्का होटर, कैलवारा फाटक एवं जुहिला क्षेत्र में दबिश दी जाने पर कुल 06 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं धारा 36 के तहत पंजीबद्ध किये गये है। जिसमें कुल जप्ती रॉयल चौलेंज व्हिस्की 360 एमएल, 8 पीएम व्हिस्की 200 एमएल, गोवा व्हिस्की 17 पाव, देशी मदिरा प्लेन 11 पाव एवं देशी मसाला मदिरा 04 पाव विधिवत रूप से बरामद कर जप्त की गई है। जिसका अनुमानित मूल्य राशि लगभग साढ़े तीन हज़ार रूपये है। इस कार्यवाही के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी ममता अहिरवार आबकारी उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह बघेल, महेन्द्र कुमार शुक्ला, केशव प्रसाद उइके एस.डी.सिंह, के के पटेल, श्मोना दुबे एवं आबकारी आरक्षक राजेश गौटिया, कैलाशनाथ नामदेव रामसिंह सी पी त्रिपाठी सम्मिलित रहे। इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू और उल्टी-दस्त का प्रकोप

### बिस्तरा में स्थिति नियंत्रण में होने का दावा कर रहे स्वास्थ्य अधिकारी

**कटनी,यशभारत।** जिले के ग्रामीण अंचलों में संक्रामक बीमारियों के प्रकोप की खबरें मिल रहीं। अधिकांश ग्रामों में उल्टी-दस्त और डेंगू के मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा। उल्टी दस्त और डेंगू से पीड़ित मरीज शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों के बजाए निजी अस्पतालों का रूख कर रहे। इधर ग्राम बिस्तरा में उल्टी दस्त से प्रभावित 8 रोगी पाए गए है। जिनका उपचार जारी है। स्वास्थ्य विभाग बिस्तरा में उल्टी दस्त की संक्रामक बीमारी पर नियंत्रण का दावा कर रहा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि ग्राम विस्तरा में उल्टी -दस्त की स्थिति अब सामान्य एवं नियंत्रण में है ।उन्होंने बताया कि गांव में अलग-अलग क्षेत्रों में सामान्य उल्टी -दस्त के 8 मरीज मिले हैं, सभी मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जो कि वर्तमान में ठीक है। ग्रामीणों द्वारा हैंडपंपों की पानी का उपयोग पानी पीने और खानपान के लिए किया जा रहा है । प्रथम दृष्टया उल्टी-दस्त की शिकायत दूषित खान-पान के कारण होना पाया गया, जिस के संबंध में ग्रामीणों को स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गई और उन्हें जागरूक किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि 15 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे ग्राम पंचायत सचिव द्वारा सूचना दी गई कि राजकुमार विश्वकर्मा उम्र 54 वर्ष का उल्टी दस्त होने, पेट और पीठ दर्द की परेशानी के बाद सुबह 7-8 बजे के बीच अचानक मृत्यु हो गई ।सूचना मिलते ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कन्हवारा के विकास खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राज सिंह ठाकुर के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम वहां पहुंची एवं मृतक की जांच की गई जिसमें प्रथम दृष्टया मृत्यु का कारण हार्ट अटैक से होना पाया गया।



## Ayushmaan Khurrana Diwali Bash

# कार्तिक आर्यन से ऋचा चड्ढा तक, आयुष्मान की पार्टी में सजी सितारों की महफिल



मुंबई, एजेंसी। आयुष्मान खुराना ज्यादातर सामाजिक मुद्दों और लीक से हटकर फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में उनकी फिल्म डॉक्टर जी सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। पहले दिन धीमी गति से चल रही डॉक्टर जी ने दूसरे और तीसरे दिन कुछ ठीकठाक कमाई की है। फिल्म रिलीज होने के दो दिन बाद ही आयुष्मान और उनकी पत्नी ताहिरा कश्यप ने दिवाली पार्टी का आयोजन किया। इस दौरान सिनेमाजगत के की नामचीन सितारों ने शिरकत की। इस पार्टी में कार्तिक आर्यन, कृति सेनन, करण जौहर, अनन्या पांडे, एकता कपूर, अली फजल और ऋचा चड्ढा समेत तमाम अन्य सितारे भी पहुंचे।

### तापसी पन्नू, सान्या मल्होत्रा

बॉलीवुड में दिवाली के जश्न शुरू हो चुके हैं। इसकी शुरुआत आयुष्मान खुराना की पार्टी से हुई। रविवार को दिवाली से पहले आयुष्मान खुराना के घर पर दिवाली का जश्न था। इस दौरान अभिनेता काले रंग के कुर्ता पायजामा में नजर आए। वहीं उनकी पत्नी ताहिरा कश्यप ने हल्के गुलाबी रंग का पहना था। आयुष्मान के भाई अपारशक्ति खुराना और उनकी पत्नी आकृति भी पार्टी में शामिल हुए। दोनों अर्पिता खान के साथ पोज देते नजर आए।आयुष्मान की पार्टी में तापसी पन्नू भी लाल रंग की साड़ी में बड़े से गिफ्ट बॉक्स के साथ पहुंचीं। फिल्म बधाई हो में आयुष्मान की को-स्टार सान्या मल्होत्रा और बरेली की बर्फी स्टारर कृति सेनन ने भी जश्न में चार चांद लगाया। आयुष्मान के साथी कलाकार राजकुमार राव अपनी पत्नी पत्रलेखा के साथ शामिल हुए। ऋचा चड्ढा और अली फजल भी शादी के बाद पहली बार किसी जश्न में शामिल हुए। इस दौरान ऋचा चड्ढा ने सिल्वर कलर की साड़ी जबकि अली फजल ने सफेद कुर्ता और डेनिम में थे। वरुण धवन भी उपनी पत्नी नताशा दलाल के साथ शामिल हुए।

# T20 वर्ल्ड कप 2022 के पहले दिन बना एक बड़ा रिकॉर्ड, पाकिस्तानी दिग्गज मोहम्मद आमिर छूट गए



ऑस्ट्रेलिया में खेले जा रहे T20 वर्ल्ड कप 2022 के पहले दिन एक बड़ा रिकॉर्ड बना, जब यूएई के क्रिकेटर ने सबसे कम उम्र में टी20 वर्ल्ड कप खेलने का रिकॉर्ड बनाया और मोहम्मद आमिर को पीछे छोड़ा।




नई दिल्ली, एजेंसी। T20 वर्ल्ड कप 2022 की शुरुआत 16 अक्टूबर से ऑस्ट्रेलिया में हो गई है। टूर्नामेंट के पहले ही दिन एक वर्ल्ड रिकॉर्ड बन गया, क्योंकि एक सबसे युवा खिलाड़ी मैदान पर उतरा और बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। जी हां, यूएई की टीम के ऑलराउंडर अयान अफजल खान जैसे ही नीदरलैंड के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2022 के मैच में खेलने उतरे तो वे सबसे युवा खिलाड़ी टी20 वर्ल्ड कप खेलने वाले बन गए।

अयान खान की इस उपलब्धि से उनकी मां शाहिस्ता खान की आंखों में खुशी के आंसू नजर आए। 16 वर्षीय अयान खान एक प्रतिभाशाली ऑलराउंडर हैं, जो पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ने में सफल हुए हैं। अभी तक मोहम्मद आमिर टी 20 विश्व कप में खेलने वाले इतिहास में सबसे कम उम्र के क्रिकेटर थे, लेकिन अब ये रिकॉर्ड अयान खान के नाम दर्ज हो गया है।

शाहिस्ता का दिल गर्व से फूला हुआ था, इसलिए नहीं कि उनके बेटे ने अभी-अभी एक विश्व-प्रसिद्ध क्रिकेटर का रिकॉर्ड तोड़ा है, बलिक इसके लिए वे ज्यादा खुश थीं कि उनका बेटा उच्चतम स्तर तक पहुंचने में सफल हुआ है। उन्होंने खलीज टाइम्स से बात करते हुए कहा, ÷जब अयान चार साल का था, तो हम देखते थे कि वह खिलौनों से ज्यादा बल्ले और गेंद को पसंद करता था।÷

अयान केवल तीन साल के थे जब मोहम्मद आमिर ने 2009 में 17 साल की उम्र में सबसे कम उम्र के टी20 विश्व कप खिलाड़ी का रिकॉर्ड बनाया था। अयान खान भले ही यूएई के लिए खेल रहे हैं, लेकिन उनके पिता अफजल खान गोवा के लिए भारत में स्टेट लेवल क्रिकेट खेले थे। उन्होंने ही अयान को एकेडमी पहुंचाया, जहां उनकी प्रतिभा को नए आयाम मिले और वे अब टी20 वर्ल्ड कप खेल रहे हैं।

अफजल खान ने अपने बेटे के बारे में बताया, ÷हर दिन एकेडमी से वापस आने के बाद मैं उन्हें दो घंटे तक ट्रेनिंग देता था। वह 150-200 गेंदों का सामना करेंगे और 50 से अधिक गेंदें फेंकेंगे। वह बहुत छोटा था, लेकिन वह कभी थकता नहीं था।÷ टेस्ट खेलने वाली टीम बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज के दौरान पिछले महीने यूएई के लिए लिए उन्होंने डेब्यू किया था। 3 मैचों में वे 4 विकेट ले चुके हैं और 30 रन बना चुके हैं।

# सरिता जोशी: पद्म श्री विजेता हैं अभिनेत्री सरिता जोशी, टीवी से लेकर बॉलीवुड में भी छोड़ी अमिट छाप



**मुंबई, एजेंसी।** %बा बहू और बेबी% सीरियल में बा का किरदार निभाकर घर-घर पहचान बनाने वाली दिग्गज अभिनेत्री सरिता जोशी 17 अक्टूबर को अपना जन्मदिन मनाती हैं। वह टीवी की दुनिया की चर्चित हस्ती तो है हीं, इसके अलावा वह बॉलीवुड की कई फिल्मों में अपने शानदार अभिनय से अमिट छाप छोड़ चुकी हैं। 1980 के दशक में अपने करियर की शुरुआत करने वाली सरिता जोशी 80 वर्ष की उम्र में भी अभिनय की दुनिया में सक्रिय हैं। तो चलिए जन्मदिन के अवसर पर जानते हैं दिग्गज अदाकारा की जिंदगी से जुड़ी खास बातें। सरिता जोशी छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे तक नाम कमा चुकी हैं। इसके अलावा वह एक थिएटर आर्टिस्ट भी रही हैं। सरिता जोशी ने 1980 में सीरियल तितलियां से अपनी शुरुआत की थी। इसके बाद वह %एक महल हो सपनों का%, %बा बहू और बेबी%, % हसरतीन%,%अनुपमा-नमस्ते अमेरिका%, जैसे कई सीरियल्स में अहम किरदार अदा कर चुकी हैं।

### बॉलीवुड में भी बना चुकी हैं पहचान

सरिता जोशी ने मराठी से लेकर मुख्य रूप से गुजराती और मराठी थिएटर में काम किया है। यहां तक कि 1988 में गुजराती में अभिनय के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। बात करें बॉलीवुड की तो वह %डरना जरूरी है% , %सिंघम रिटर्न्स%, %सिम्बा%, %नज़र%, जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं।

पद्म श्री विजेता हैं सरिता जोशी

अभिनेत्री सरिता जोशी को उनके शानदार अभिनय के लिए कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। साल 2020 में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के द्वारा सरिता जोशी को देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म श्री से नवाजा गया था।

### दोनों बेटियां भी हैं अभिनेत्री

सरिता जोशी की दोनों ही बेटियां केतकी और पूर्बी भी उनकी तरह ही अभिनय की दुनिया में सक्रिय हैं। अभिनेत्री केतकी दवे ने टीवी के अलावा %आमदनी अठन्नी खर्चा रुपया%, %मनी है तो हनी है%, %कल हो ना हो% जैसी फिल्मों में काम किया है। वहीं पूर्बी जोशी भी कई सीरियल्स में नजर आ चुकी हैं।

## Sanjay Kapoor: बॉलीवुड में भाई अनिल जैसा स्टारडम नहीं बना पाए संजय कपूर, इस फिल्म से की थी धांसू एंट्री

बोनी कपूर और अनिल कपूर के छोटे भाई संजय कपूर आज 57 साल के हो गए हैं। 17 अक्तूबर 1965 को मुंबई में जन्मे संजय कपूर ने साल 1995 में आई फिल्म %प्रेम% से बॉलीवुड में अपना कदम रखा था। लेकिन संजय अपने दोनों भाइयों की तरह फिल्मी दुनिया में कुछ मुकाम हासिल नहीं कर पाए। उन्होंने कई फिल्मों में बेशक काम किया है लेकिन जल्द उनका फिल्मी करियर खत्म हो गया। आइए आपको आज उनके करियर की झलक दिखाते हैं।

### पहली फिल्म से मिली पहचान

संजय कपूर ने फिल्म %प्रेम% में तबु के साथ स्क्रीन शेयर की थी और अपनी पहली फिल्म से ही वह दर्शकों के बीच छा गए। इस फिल्म के बाद संजय के पास प्रोजेक्ट की लाइन लग गई और तब उन्होंने फिल्म %राजा% को चुना। इस फिल्म में संजय कपूर माधुरी दीक्षित के साथ नजर आए और दोनों की जोड़ी को दर्शकों ने खूब प्यार दिया। संजय की शुरुआती दो फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। ऐसे में हर किसी को लगा कि बॉलीवुड में उनका करियर लंबा होगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

# वो शिवम की ही जान हो सकती है जो खुदकी जान ले ले...वैशाली के दोस्त की इस पोस्ट ने किया हैरान



**मुंबई, एजेंसी। टीवी एक्ट्रेस वैशाली ठक्कर की मौत से हर कोई सदमे में है। %सुसराल सिमर का% और %ये रिश्ता क्या कहलाता है% जैसे लोकप्रिय सीरियल में दमदार अभिनय करने वाली अभिनेत्री के निधन से टीवी इंडस्ट्री के लोग स्तब्ध हैं। वैशाली के करीबी दोस्त और लॉकअप फेम अभिनेता शिवम शर्मा ने अभिनेत्री की आत्महत्या की खबर आने के बाद एक भावुक पोस्ट शेयर किया है। इसके साथ ही अभिनेता ने वैशाली के साथ एक थ्रोबैक तस्वीर भी साझा की है।**

शिवम शर्मा ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, %मौत से पहले किसी को किसी गम से बचाना हो ज्हकीकत और थी कुछ उसको जाके ये बताना हो ज्हमेशा देर कर देता हूं मैं ज ?? मैं हमेशा तुमसे प्यार करूंगा जाना। तुम हमेशा मेरे दिल में रहोगी। वो शिवम शर्मा की ही जान हो सकती है जो खुदकी जान ले ले और किसी में इतनी हिम्मत नहीं??फूलस्टॉप ??????।

जमीन पर उकड़ू बैठकर उर्वशी ने क्यों कटवाए बाल? पोस्ट शेयर कर बोलीं- महिलाओं का सम्मान करें

शिवम आगे लिखते हैं, ÷मैं फिर भी तुमको चाहूंगाज अब तुम यहां नहीं हो. इतना दुख पहली बार हुआ है जिंदगी में पर मुझे पता था ये दुख भी तू ही दे सकती है और किसी में इतनी हिम्मत नहीं.... बेटू बहुत जल्दी चली गई... तू देख रही है मुझे और मेरी हालत को... मुझे पता है%... पिछली बार मैं जल्दी चला गया तो इस बार तुमने मुझे छोड़ दिया... दीवाना तेरा... एक आखिरी चाहत तेरी आत्मा तृप्त हो हर बार मिलूंगा तुझे मैं... हर बार, हर बार और हर बार ?? तेरा बेटू ??सजाना %

बता दें कि शिवम की इस पोस्ट की वजह से वह सवालों के घेरे में आ गए हैं। फैंस उनकी पोस्ट पर कमेंट कर तरह तरह के सवाल पूछ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, %क्या वह आपकी गर्लफ्रेंड थीं?% वहीं कुछ यूजर्स शिवम की पोस्ट पर वैशाली को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। गौरतलब है कि पिछले एक साल से वैशाली अपने इंदौर स्थित घर में रह रही थीं। वह सिर्फ काम के वक्त ही मुंबई जाती थीं। उन्होंने रविवार को अपने इंदौर वाले घर पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अब पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। उन्हें घटनास्थल से सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस का कहना है कि इस सुसाइड नोट से ये पता चल रहा है कि उनके पुराने बॉयफ्रेंड ने उन्हें प्रताड़ित किया जिसकी वजह से उन्होंने तनाव में आकर यह कदम उठाया है।

# Uber Cab लेकर बुरी फंसीं एक्ट्रेस मानवा नाइक, ड्राइवर में अंधेरे में रोकी गाड़ी और....





नई दिल्ली, एजेंसी। एक्ट्रेस मानवा नाइक के साथ हाल ही में कुछ ऐसी घटना हुई जिसे सुनकर कोई भी लड़की दहल जाएगी। मानवा ने शनिवार को घर जाने के लिए एक कैब बुक की थी जिसका अनुभव उनके लिए बहुत भयानक रहा। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर पोस्ट करके इस घटना के बारे में बताया है। उन्होंने ट्वीट में लिखा कि रात 8.15 पर उन्होंने बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स से यह कैब पकड़ी थी।

### कैसे शुरू हुआ ये पूरा मामला?

मानवा ने बताया कि उनके कैब में बैठते ही ड्राइवर ने फोन पर किसी से बातचीत शुरू कर दी जिसका उन्होंने विरोध किया। मना करने पर ड्राइवर भड़क गया और उसने रेड लाइट तोड़ दी। पुलिस द्वारा रोके जाने पर एक्ट्रेस ने ऑफिसर्स से कहा कि वो गाड़ी को जाने दें क्योंकि पहले ही गाड़ी की फोटो खींची जा चुकी थी।

इस ड्राइवर का गुस्सा और भड़क गया और वह एक्ट्रेस से बदतमीजी करने लगा। मानवा ने बताया कि ड्राइवर ने उनसे कहा- तू भरेगी क्या 500 रुपये? यह बताने पर कि वह गाड़ी चलाते हुए फोन पर बात कर रहा था ड्राइवर ने कहा- रुक तेरे को दिखाता हूं मैं। ड्राइवर ने बीकेसी के जियो गार्डन के पास अंधेरे इलाके में गाड़ी रोकने की कोशिश की जिसके बाद एक्ट्रेस ने पुलिस स्टेशन जाने की बात कही।

# उर्वशी रौतेला ने कटवाए बाल कमेंट बॉक्स में ऋषभ पंत का नाम लिखकर लोग कर रहे ट्रोल



नई दिल्ली, एजेंसी। बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने ईरान में हुई कुछ लड़कियों की हत्या के विरोध में अपने बाल कटवा लिए हैं। उर्वशी रौतेला ने एक सोशल मीडिया पोस्ट करते हुए इस बारे में बताया। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जिनमें उन्हें जमीन पर उकड़ू होकर बैठे देखा जा सकता है। उनके पास ही जमीन पर बैठा एक शख्स उनके बाल काट रहा है। उर्वशी ने अपनी फोटो कैप्शन में पूरा मामला विस्तार से बताया है।

### उर्वशी का ईरान की नारी क्रांति को सपोर्ट


एक्ट्रेस ने लिखा, %ईरानी महिलाओं और उन लड़कियों के सपोर्ट में अपने बाल कटवा रही हूं जिनकी ईरानी मोरल पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के बाद माशा अमीनी के निधन के किए जा रहे प्रोटेस्ट में हत्या कर दी गई। और उत्तराखंड की 19 वर्षीय लड़की अंकिता भंडारी के लिए। महिलाओं का सम्मान कीजिए, यह महिलाओं के आंदोलन का एक वैश्विक प्रतीक है।%

### लड़कियां क्यों कटवा रही हैं बाल?

उर्वशी रौतेला ने लिखा, बालों को महिलाओं की खूबसूरती का प्रतीक माना जाता है। सार्वजनिक रूप से बाल काटकर, महिलाएं दिखा रही हैं कि उन्हें समाज के सौंदर्य मानकों की परवाह नहीं है और वे किसी भी चीज, या किसी को भी यह तय नहीं करने देंगी कि वो कैसे कपड़े पहनें, या कैसा व्यवहार करें। जब महिलाएं एक साथ आती हैं और एक महिला के मुद्दे को पूरी नारी जाति का मुद्दा मानती हैं। अब फेमिनिज्म में एक नया जोश दिखेगा।



# मार मार के मोर बना दूंगी' बोलने वाली अर्चना बनी बिग बॉस की कॉमेडी किंग



Bigg boss में अपने बिंदास स्वभाव से सबको लताड़ने वाली अर्चना की कंटेस्टेंट को लेकर किए गए कमेंट खूब वायरल हो रहे हैं। ट्विटर पर अर्चना के मीम्स बनाए जा रहे हैं। फैंस उन्हें वन लाइनर क्वीन बता रहे है बिग बॉस हाउस में अब्दू के बाद कोई शो को मजेदार बना रहा है तो वो कंटेस्टेंट केवल अर्चना गौतम हैं। अर्चना को पहले ही सलमान खान ये बोल चुके हैं कि इंडिया उन्हें पसंद कर रही है। हर किसी को बेखौफ होकर लताड़ने वाली अर्चना के हर एपिसोड के वीडियोज ट्विटर पर वायरल हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर अर्चना गौतम हैशटैग भी टॉप ट्रेंडिंग टैग्स की लिस्ट में देखा जा सकता है।

### अर्चना पर बन रहे मीम्स

बिग बॉस शो में अपने बिंदास स्वभाव से सबको लताड़ने वाली अर्चना की साथी कंटेस्टेंट को लेकर किए गए कमेंट खूब वायरल हो रहे हैं। ट्विटर पर अर्चना के मीम्स तक बनाए जा रहे हैं। उनके फेवरेट डायलॉग- मार मार के मोर बना दूंगी पर उनकी तस्वीर पर मोर पंख लगाकर मीम्स पोस्ट किए गए हैं। बहुत से यूजर्स अर्चना के लिए लिख रहे हैं कि वह बिग बॉस हाउस में इकलौती एंटरटेनर हैं। एक यूजर ने लिखा, मैं ये शो सिर्फ अर्चना गौतम के कारण देख रहा हूं, वह इस शो की एंटरटेनर हैं।' यूजर का कहना है कि अर्चना बिना फेक कंटेंट अपने दम पर दर्शकों एंटरटेन करती नजर आ रही हैं।

# धनतेरस व दीवाली से पहले कल पुष्य नक्षत्र का मंगल संयोग

कटनी, यशभारत।

रोशनी का महापर्व दीपावली इस बार 24 अक्टूबर को है। पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व की तैयारियां शहर में जोर-शोर से की जा रही है। घरों में जहां इस समय साफ सफाई का काम चल रहा है तो वहीं व्यापारी भी तैयारियों में जुटे हुए हैं। कोरोना संक्रमण के चलते दो सालों तक लोगों की दीवाली फीकी रही लेकिन इस बार न केवल पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा, बल्कि व्यापारियों को भी अच्छा कारोबार होने की उम्मीद है। नवरात्रि एवं दशहरा के बाद अब दीपावली तक बाजारों में जमकर धन वर्षा होगी। बीते दो सालों में बाजारों में त्योहारी सीजन में ग्राहकी कम ही थी, लेकिन इस बार सराफा, कपड़ा, बर्तन, इलेक्ट्रनिक्स, इलेक्ट्रिकल्स, आटोमोबाइल सहित सभी सेक्टर में अच्छी खरीदारी की उम्मीद है। दिवाली से छह दिन पहले कल मंगलवार 18 अक्टूबर को पुष्य नक्षत्र का शुभ संयोग बन रहा है। खरीदारी के लिए कल पूरा दिन शुभ रहेगा। दिन-भर मंगल पुष्य नक्षत्र रहने से बाजार में जमकर धनवर्षा होने की उम्मीद है। इसके बाद बुधवार को भी पुष्य नक्षत्र कुछ देर रहने से उस अवधि में खरीदारी की जा सकती है। शाम होते ही शहर के बाजार गुलजार हो जाएंगे।

## पुष्य नक्षत्र और धनतेरस के लिए सजने लगे बाजार, बाजारों में बरसेगा धन



पंडित सुनील शास्त्री ने बताया कि दीपावली पर्व से पहले पुष्य नक्षत्र को ज्योतिष शास्त्र में खरीदारी के लिए बेहद लाभकारी माना गया है। कल 18 अक्टूबर को पुष्य नक्षत्र का संयोग रहेगा। इस विशेष काल में आभूषण, वस्त्र, वाहन, खाद्य सामग्री की खरीदारी बहुत लाभकारी मानी जाती है। 19 अक्टूबर बुधवार को भी पुष्य नक्षत्र कुछ समय सुबह तक जारी रहेगा, जिसके चलते बाजार में ग्राहकी रहेगी। 22 अक्टूबर को दीपोत्सव पर्व का आगाज धनतेरस से होगा। इसके अगले दिन रविवार को 23 अक्टूबर को भी त्रयोदशी तिथि कुछ समय तक रहने से आमजन को खरीदारी के लिए दो दिन का समय मिलेगा। बाजारों में पुष्य नक्षत्र और धनतेरस

**कल मंगलवार को दिन भर और परसों बुधवार को कुछ समय के लिए रहेगा पुष्य नक्षत्र का संयोग, आभूषण, वस्त्र, वाहन, प्रापर्टी की खरीदारी लाभकारी**

की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। व्यापारी इस दीपावली तक अच्छा कारोबार होने का अनुमान लगा रहे हैं। दीपावली के लिए शहर के बाजार सज गए हैं। लोग घरों का रंग-रोगन कराने के बाद सजावटी सामग्री व घरों के लिए फर्नीचर खरीद रहे हैं। घरों के पर्दे बदल रहे हैं। टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन सहित अन्य इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रिकल्स सामग्री की भी बिक्री हो रही है। इससे बाजारों में ग्राहकों की चहल-पहल देखने को मिल रही है। शाम होते ही शहर के बाजारों में खासी रौनक नजर आ रही है। इसी सप्ताह शनिवार को धनतेरस से दीपोत्सव का आगाज होगा। इससे पूर्व ही बाजार में पर्व की रंगत देखते ही बन रही है। बाजारों में साज-सज्जा के साथ ही रोशनी के पर्व की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### शहर के पटाखा बाजार को लेकर अभी भी संशय



शहर में हर साल लगने वाले पटाखा बाजार को लेकर अभी भी संशय की स्थिति बनी हुई है। प्रशासन अभी तक यह तय नहीं कर पाया है कि शहर का पटाखा बाजार कहां लगेगा। इसको लेकर पटाखा दुकानदार भी असमंजस की स्थिति में है। गौरतलब है कि पिछले सालों में शहर का बाजार अलग-अलग स्थानों पर लगता आया है। कभी कटाएघाट, तो कभी एलआईसी मैदान। दुकानदारों का कहना है कि अभी तक लाइसेंस भी नहीं मिले हैं। विदित हो कि दीपावली पर्व के लिए अब केवल एक सप्ताह का समय शेष रह गया है।

### धनतेरस से होगी पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरूआत

पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व की शुरूआत धनतेरस से होगी। इस बार धनतेरस का पर्व 22 अक्टूबर शनिवार को है। धनतेरस के मद्देनजर व्यापारियों ने तैयारियां शुरू कर दी है। इस दिन कुछ न कुछ खरीदने की परंपरा चली आ रही है। सबसे ज्यादा भीड़ बर्तन और सराफा बाजार में रहने का अनुमान है। सराफा बाजार में सोने और चांदी के सिक्कों की जमकर बिक्री होगी, तो वहीं बर्तन बाजार में भी लोग अपनी जरूरत का सामान लेकर सालों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करेंगे। इसके बाद आटोमोबाइल्स सेक्टर भी धनतेरस के दिन गुलजार रहेगा। यहां दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों की जमकर खरीदी होगी। ज्यादातर लोगों ने इसके लिए एडवांस में बुकिंग कर ली है।

## डिवाइडर पर चढ़ गई अनियंत्रित कार, 2 घायल



**कटनी, यशभारत।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत जगन्नाथ चौक में शनिवार रात एक बेलगाम कार डिवाइडर से टकरा गई, जिसमें सामने से कार के परखच्चे उड़ गए हैं। इस हादसे में दो युवकों को चोट आई है, जिनका उपचार जिला अस्पताल में जारी है। कोतवाली टीआई अजय सिंह ने बताया कि शनिवार की रात लगभग 2 बजे नई बस्ती निवासी 23 वर्षीय शाहिल सचदेव अपने साथी द्वारिका सिटी निवासी 23 वर्षीय रितिक सहजवानी के साथ कार क्रमांक एमपी 21 सीबी 0562 से कहीं जा रहे थे। तभी चालक साहिल नियंत्रण खो बैठा और कार डिवाइडर से टकराकर के बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे में दोनों को चोट आई है, जिनका उपचार जिला अस्पताल में जारी है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

## घंटाघर से किशोर का अपहरण

**कटनी, यशभारत।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एक किशोर के अपहरण का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार घंटाघर रामलीला मैदान के पास से संतनगर निवासी एक 13 वर्षीय किशोर को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया है। किशोर जब घर नहीं लौटा तो परिजनों ने शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 363 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## पटाखा कारोबारी की फर्म पर 20 लाख रूपए का जुर्माना

### स्टेट जीएसटी ने जांच के बाद पकड़ा कर अपवंचन, स्टाक के पूरे बिल मिले लेकिन टैक्स जमा नहीं




**कटनी, यशभारत।** माधवनगर के बड़े पटाखा कारोबारी खेमचंद पोपटानी और उनके पुत्र की फर्म से कर अपवंचन का मामला सामने आया है। स्टेट जीएसटी टीम ने दुकान, गोदामों, स्टाक एवं दस्तावेजों की जांच के बाद पिता-पुत्र की फर्म में टैक्स चोरी पकड़ते हुए 20 लाख रूपए का जुर्माना किया है। स्टेट जीएसटी की टीम रविवार को पटाखा कारोबारी खेमचंद पोपटानी व पुत्र आकाश पोपटानी की फर्म कृष्णा फायर वर्क्स एवं आशीष ट्रेडर्स में पहुंची ओर देर शाम तक जांच में जुटी रही। जांच के बाद यह जुर्माना लगाया गया है। बताया जाता है कि खेमचंद पोपटानी व पुत्र आकाश पोपटानी अलग-अलग फर्म के नाम से पटाखा कारोबार करते हैं। पटाखों की खरीदी शिवाकाशी तमिलनाडू से की जाती है। जांच में आधा दर्जन गोदामों में करीब 1.5 करोड़ रुपए का स्टाक मिला है, जो दीपावली त्यौहार के लिए बिक्री के लिए रखा गया था। स्टॉक के अनुसार व्यापारी ने टीम को दस्तावेज दिखाए, लेकिन भौतिक सत्यापन व दस्तावेजों के आंकलन के बाद स्टॉक का पूरा बिल नहीं मिला। अधिकारियों का कहना है कि व्यापारी ने माल तो खरीदा, लेकिन शासन को निर्धारित टैक्स जमा नहीं किया। बताया जाता है कि पटाखा कारोबारी पर लगाई गई पैनाल्टी की राशि बढ़ भी सकती है। यह प्रारंभिक आंकलन पर लगाया गया जुर्माना है। यह राशि शासन के खाते में जमा होने के बाद व्यापारी को दुकान व गोदाम खोलने की अनुमति दी जाएगी।

**इनका कहना है**

कृष्णा फायर वर्क्स एवं आशीष ट्रेडर्स पर प्रारंभिक आंकलन के आधार पर 20 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। कर अपवंचन का विस्तृत आंकलन किया जा रहा है।

**-चंद्रकुंवर सिंह, सहायक आयुक्त, राज्य कर**






## इंद्रानगर में चली गोली 3 बदमाशों पर मामला

### पुरानी रंजिश के चलते इंद्रानगर में वारदात

**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत इंद्रानगर में विगत रात्रि उस समय हड़कंप मच गया, गई जब 3 बदमाशों ने मिलकर एक युवक पर हमला बोल दिया। इतना ही नहीं पुरानी रंजिश भुनाने के लिए युवक को जान से मारने के लिए फायर किया गया, यह तो गनीमत रही की गोली युवक पर नहीं लगी, वरना गंभीर हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता था। किसी तरह युवक वहां से जान बचाकर भागा। शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार मनोज निषाद इंद्रनागर थाना कुठला के साथ में सौरभ उर्फ शनि शर्मा निवासी शिवाजी नगर सहित शुभम चौधरी, सुनील यादव इंद्रानगर ने विवाद किया है। बताया जा रहा है कि शराब को लेकर विवाद हुआ और फिर मामला बढ़ता गया। शनि आदि ने पुरानी रंजिश के चलते मनोज के साथ में मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी। बताया जाता है कि जब मनोज ने मारपीट व गालीगालौज का विरोध किया तो शनि ने उस पर हवाई फायर कर दिया। यह तो गनीमत रही कि गोली मनोज पर नहीं लगी, नहीं तो गंभीर हादसा होता। विवाद की मुख्य वजह पुरानी रंजिश बताई जा रही है। पीड़ित युवक ने मामले की शिकायत कुठला थाने में दर्ज कराई है। कुठला थाना प्रभारी रोहित डोंगरे ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 452, 327, 336, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज करते हुए तलाश शुरू कर दी गई है। संदेही को पकड़कर पूछताछ की जा रही है।







वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. अशोक चौदहा
एम.बी.बी.एस.डी.सी.एच.
क्लीनिक- राष्ट्रीय स्कूल के पास, घंटाघर रोड, कटनी समय-10.30 से 3 बजे तक
निवास- डन कॉलोनी बरगवां, कटनी
मरीज देखने का समय सुबह 9 बजे से 10 बजे तक सायं 6.30 से रात्रि 8 बजे तक
मो. 9893723087, 8319994375

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.



सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- जॉकी शोरूम के पास में कटनी-जबलपुर रोड, बरगवां, मो. 9425153498, 7067666668




SHRI HOSPITAL KATNI
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें: श्री हॉस्पिटल एम०एम० चौबे वार्ड बरगवां कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

प्लाट बेचना है
दुबे कालोनी, जागृति कालोनी एवं पीयूष स्कूल के पास में बहुत ही किफायती दामों में प्लाट बेचना है।
संपर्क धर्मेंद्र तिवारी मो.
9827340910



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)